दैनिक
# बुलन्द मंज़िल
PRGI NO. - UPBIL/25/A4797
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)
उ.प्र. के जनपद सम्भल से प्रकाशित...
बरेली मण्डल व मुरादाबाद मण्डल के जनपद अमरोहा, रामपुर, बिजनौर से प्रसारित...
वर्ष : 01 | अंक : 108 | संभल, मंगलवार 31 मार्च 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य: 05/-रू.



पेज :- 03- महानगर के 9 मंडलों में मन की बात , डॉ श्यामा प्रसाद...
पेज :- 04- रोटरी क्लब हापुड़ के नवनियुक्त अध्यक्ष मुस्लिम कुरैशी..

## संक्षिप्त समाचार

### स्वयंभू बाबा खरात की हिरासत एक तक बढ़ी

**नासिक।** महाराष्ट्र में नासिक की एक अदालत ने बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार स्वयंभू बाबा अशोक खरात की पुलिस हिरासत रविवार को एक अप्रैल तक बढ़ा दी। खरात को 18 मार्च को उस वक्त गिरफ्तार किया गया था, जब एक महिला ने उनपर तीन साल से अधिक समय तक बार-बार बलात्कार करने का आरोप लगाया।

### नेपाल में 4.5 तीव्रता का भूकंप आया

**काठमांडू।** नेपाल के सिंधुपालचौक जिले में शनिवार रात को 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी। भूकंप से किसी प्रकार की क्षति या जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

### नेपाल में पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक खड्का गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने पूर्व ऊर्जा मंत्री और नेपाली कांग्रेस के नेता दीपक खड्का को धन शोधन के मामले में रविवार को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय मीडिया में आयी खबरों में इसकी जानकारी दी गई है। 'द हिमालयन' ने नेपाल पुलिस के केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) के प्रवक्ता शिव कुमार श्रेष्ठ के हवाले से बताया कि सीआईबी ने रविवार सुबह खड्का को हिरासत में ले लिया।

### राहुल गांधी की आज केरल में चुनावी जनसभाएं

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी केरल विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए सोमवार को वहां जाएंगे। श्री गांधी केरल के दौरे में विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं और कॉर्नर मीटिंग्स को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार श्री गांधी सुबह 11:30 बजे अडूर के केएसआरटीसी जंक्शन पर कॉर्नर मीटिंग से अपने दौरे की शुरुआत करेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे पतनमथिट्टा के पुराने बस स्टैंड पर दूसरी कॉर्नर मीटिंग को संबोधित करेंगे।

### कच्छ में दस साल बाद ग्रेट इंडियन बस्टर्ड का चूजा हुआ पैदा



**नई दिल्ली।** गुजरात के कच्छ में अबडासा इलाके में एक दशक बाद 'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' (घोड़ाड) के बच्चे का जन्म हुआ है। जानकारी के अनुसार कच्छ में घोड़ाड पक्षियों की आबादी में नर पक्षियों की कमी के कारण, मादा पक्षी जो अंडे दे रही थी। उसमें चूजा बनने की क्षमता नहीं बन पा रही थी। इस चुनौती से निपटने के लिए, एक विशेष संरक्षण अभियान शुरू किया गया। राजस्थान के एक प्रजनन केंद्र से ग्रेट इंडियन बस्टर्ड का एक फर्टाइल अंडा लिया गया। जिसमें चूजा बनने की क्षमता थी। इसके बाद उसे एक पोर्टेबल इनक्यूबेटर में रखकर, 19 घंटे की लगातार सड़क यात्रा के जरिए सुरक्षित रूप से कच्छ पहुंचाया गया।



**सिर पर कलश और पीत परिधानों में नारी शक्ति**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चैत्र नवरात्र के अवसर पर महिलाओं द्वारा भव्य 'कलश यात्रा' निकाली गई। इस धार्मिक जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं और पूरे शहर में भक्ति का माहौल देखने को मिला। यात्रा की शुरूआत मंदिर परिसर से हुई, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद महिलाएं जयकारों के साथ आगे बढ़ीं। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा।

'मन की बात' | प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक संघर्ष, खेल उपलब्धियों और जल संरक्षण पर भी दिया संदेश

# ऊर्जा संकट पर अफवाहों से बचें, एकजुट रहकर अधिकारिक जानकारी पर करें भरोसा

■ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देशवासियों से ऊर्जा संकट को लेकर अफवाहों से बचने और एकजुटता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के कारण पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता प्रभावित हो रही है, ऐसे में केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करना जरूरी है।

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के 132वें एपिसोड में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहा है। उन्होंने खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों के सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि भारत अपने मजबूत अंतरराष्ट्रीय संबंधों के जरिए स्थिति का सामना कर रहा है।

उन्होंने इस मुद्दे पर राजनीति से बचने की सलाह देते हुए कहा कि यह 140 करोड़ लोगों से जुड़ा विषय है, जिसमें स्वार्थ की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। अफवाह फैलाने वालों को उन्होंने देश के लिए हानिकारक बताया और नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 'ज्ञान भारतम्' पहल के तहत देश की पांडुलिपि धरोहर के संरक्षण में जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इसके लिए एक विशेष ऐप भी विकसित किया गया है, जिसके जरिए लोग अपने पास मौजूद पांडुलिपियों की जानकारी साझा कर सकते हैं।

अंत में, प्रधानमंत्री ने 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' और 'माय भारत' जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए युवाओं की राष्ट्र निर्माण में बढ़ती भागीदारी को प्रेरणादायक बताया।

### खेल के क्षेत्र की उपलब्धियों का जिक्र किया



खेलों के क्षेत्र में बढ़ती उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने आईसीसी टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम की जीत, रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर के प्रदर्शन और उत्तर प्रदेश के एथलीट कुलवीर सिंह की न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन में तीसरे स्थान की उपलब्धि का उल्लेख किया। साथ ही अनाहत सिंह की जीत और 'अस्मिता' महिला लीग के आयोजन की सराहना करते हुए नारी शक्ति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

**वाराणसी के विश्व रिकॉर्ड की चर्चा** | प्रधानमंत्री ने बताया कि हाल ही में वाराणसी में एक घंटे के भीतर 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाकर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया गया। वहीं, नागालैंड के चिजामी गांव की महिलाएं 150 से अधिक पारंपरिक बीजों की किस्मों को संरक्षित कर रही हैं। सामूहिक प्रयासों के माध्यम से इन बीजों को कम्युनिटी सीड बैंक में सुरक्षित रखा जा रहा है।

### संतुलित आहार

प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली पर जोर देते हुए नियमित व्यायाम, योग और संतुलित आहार अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर एक युवा कंटेंट क्रिएटर के आग्रह का सकारात्मक असर उनके परिवार पर पड़ा, जिससे स्वस्थ आदतों को अपनाने की प्रेरणा मिली।

**जल संरक्षण:** गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण पर विशेष जोर दिया और विभिन्न राज्यों में वर्षा जल संचयन के सफल प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने मछुआरों के जीवन स्तर में सुधार और इस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की भी चर्चा की।

# धार का भोजशाला विवाद पहुंचा उच्चतम न्यायालय

मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट के आदेश को दी चुनौती

■ भोपाल

धार की भोजशाला को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर चर्चा में आ गया है। मुस्लिम पक्ष ने अब इस मामले में उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 16 मार्च के आदेश को चुनौती दी है।

दरअसल, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि विवादित स्थल का वास्तविक धार्मिक स्वरूप तय करने के लिए 2 अप्रैल से नियमित सुनवाई शुरू की जाएगी। साथ ही, कोर्ट ने खुद मौके का निरीक्षण करने का भी फैसला लिया था, जिसे लेकर अब मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति जताई है। मुस्लिम पक्ष का कहना है कि उन्हें एएसआई (पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग) की रिपोर्ट पर अपने ऐतराज दर्ज करने का पूरा मौका नहीं दिया गया। उनका मानना है कि उनकी बात पूरी तरह सुने बिना आगे की कार्रवाई करना सही नहीं है। लिहाजा, याचिका दायर की है।



**यह हैं विवाद की वजह**

इस विवाद की जड़ काफी पुरानी है। हिंदू समुदाय इस जगह को मां वाग्देवी यानी सरस्वती का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला मस्जिद के रूप में देखता है। यही वजह है कि यह मामला सालों से चला आ रहा है। अभी तक इसका कोई अंतिम समाधान नहीं निकल पाया है।


जरूरत की खबर | भारतीय रिजर्व बैंक की तैयारी

# अब कागजी नहीं, ई-चेक से होगा नकदी का लेन-देन

### ■ ई-चेक से बदल जाएगा बैंकिंग का तरीका

■ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल पेमेंट को और तेज और सुरक्षित बनाने के लिए नई योजना बनाई है। अब कागज के प्रिंटेड चेक से नहीं, बल्कि ई-चेक से नकदी का लेन-देन होगा। 27 मार्च 2026 को जारी 'पेमेंट्स विजन 2028' में बताया गया कि भविष्य में कागजी चेक की जगह ई-चेक (इलेक्ट्रानिक चेक) का इस्तेमाल किया जा सकता है।



ई-चेक का मकसद यह है कि पेमेंट तेज हो और धोखाधड़ी कम हो। इसमें पुराने चेक के फायदे होंगे, लेकिन इसे पूरी तरह डिजिटल बनाया जाएगा।

### नए नियम भी ला सकती है आरबीआई

आरबीआई डिजिटल पेमेंट सिस्टम को मजबूत करने के लिए नए नियम भी ला सकता है। इसमें ई-कॉमर्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म को भी नियमों में लाया जा सकता है, ताकि सिस्टम में जवाबदेही बढ़े। ग्राहकों को भी ज्यादा नियंत्रण मिलेगा। वे यूपीआई, नेट बैंकिंग और अन्य डिजिटल पेमेंट मोड को जरुरत अनुसार ऑन या ऑफ कर सकेंगे। डिजिटल फ्रॉड रोकने के लिए आरबीआई 'साझा जिम्मेदारी फ्रेमवर्क' पर काम कर रहा है। इसका मतलब है कि अगर कोई अनधिकृत लेनदेन होता है, तो केवल ग्राहक नहीं, बल्कि दोनों बैंक जिम्मेदार होंगे। इसके अलावा पेमेंट स्विचिंग जैसी सुविधाओं को भी बेहतर बनाने की योजना है, ताकि भविष्य में डिजिटल लेनदेन और आसान और सुरक्षित हों।

अपनों के ही बीच बुरे फंसे अमेरिकी राष्ट्रपति

# ट्रंप के खिलाफ सड़कों पर उतर आए 80 लाख लोग, कई जगहों पर किया प्रदर्शन

एजेंसी ■ लॉस एंजिलिस

अमेरिका के राष्ट्रपति अपनों के ही बीच बुरे फंस गए है। राष्ट्रपति की नीतियों के खिलाफ 80 लाख लोगों का मार्च निकाला, 3,300 जगहों पर प्रदर्शन किया और ईरान युद्ध और महंगाई को लेकर पद से हटाने की मांग की गई। अमेरिका में शनिवार को राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ हुए 'नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन हुए। आयोजकों ने बताया कि अक्टूबर में हुए पिछले नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा लोग शामिल हुए और लगभग 600 ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे ट्रंप सरकार की कई नीतियों से नाराज हैं।

**आक्रोशित भीड़ ने जलाया अमेरिकी झंडा**



अमेरिका में ज्यादातर जगहों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन लॉस एंजिलिस में कुछ जगहों पर हालात बिगड़ गए। वहां कुछ प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव हुआ, जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनका गुस्सा ईरान युद्ध को लेकर था।

### 20 अप्रैल से उड़ानों में 60 फीसदी सीटों पर नहीं लगेगा अतिरिक्त शुल्क

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय के अनुसार 20 अप्रैल से एयरलाइंस किसी भी उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराएंगी। इसके साथ ही वे एक पारदर्शी सीट आवंटन नीति भी बनाएंगी। नागर विमानन मंत्रालय ने 18 मार्च को डीजीसीए को निर्देश जारी किए थे कि वह एयरलाइंस को किसी भी उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें यात्रियों के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के आवंटित करने का निर्देश दे। इस संबंध में डीजीसीए ने 20 मार्च को संशोधित एयर ट्रांसपोर्ट सर्कुलर जारी किया।

नक्सल मुक्ति की डेडलाइन से दो दिन पहले फोर्स की कामयाबी

# सुरक्षा बलों-नक्सलियों के बीच मुठभेड़ पांच लाख का इनामी एक नक्सली ढेर

■ सुकमा

केंद्र सरकार द्वारा देश से नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए तय की गई 31 मार्च 2026 की समयसीमा अब नजदीक आ गई है। इस डेडलाइन को पूरा होने में अब केवल दो दिन बचे हैं। इसी बीच रविवार को सुकमा जिले के गट्टापाड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है। दोनों ओर से हुई भीषण गोलीबारी में जवानों ने एक नक्सली कमांडर को मार गिराया है। 29 मार्च की सुबह पोलमपल्ली जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हुई। जहां सुरक्षाबलों की ओर से हुई फायरिंग में 5 लाख का ईनामी नक्सली ढेर हुआ। मामला पोलमपल्ली थाना क्षेत्र का है। मारा गया नक्सली प्लाटून नं-31 सेक्शन कमांडर पीपीसीएम मूचाकी कैलाश है। वह पूलनपाड़ थाना चिंतलनार जिला सुकमा का रहने वाला था। मुठभेड़ के बाद जवानों का सर्च ऑपरेशन जारी है।



पुलिस के अनुसार, सुरक्षा बलों को गट्टापाड़ इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसी दौरान रविवार सुबह नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने भी मोर्चा संभाला। जंगलों के बीच दोनों ओर से गोलीबारी चलती रही।

दर्दनाक हादसा: आग का गोला बनी चलती कार

# बालाघाट में तीन लोग जिंदा जले

■ दो गंभीर, आठ साल की बच्ची सकुशल

■ बालाघाट

प्रदेश के बालाघाट जिले में शनिवार देररात हुए एक दर्दनाक हादसे में एक कार आग के गोले में तब्दील हो गई। लिहाजा, कार में सवार तीन लोग जिंदा जल गए, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गनीमत रही कि एक आठ साल की बच्ची सकुशल सुरक्षित बच गई। आग इतनी भीषण थी कि तीन लोगों को कार से बाहर नहीं निकाला जा सका और वे कार के अंदर ही जल गए।

पुलिस के मुताबिक बैहर-मलाजखंड रोड पर शनिवार रात तकरीबन साढ़े 11 बजे के आसपास केवलारी चौराहे के समीप चलती कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसके बाद कार में अचानक आग लग गई। आग ने इतनी जल्दी विकराल रूप ले लिया कि उसमें सवार लोगों को निकलने तक का मौका नहीं मिल पाया। राह चलते लोगों ने तीन लोगों को किसी तरह बाहर निकाला, जिनमें दो गंभीर रूप से जल चुके थे। कार चालक सीतम केलकर अपने गृह ग्राम पोण्डी (परसवाड़ा) से पौनी जा रहा था। तभी केवलारी चौराहे के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई और उसमें भीषण आग लग गई।



**खिड़की तोड़कर तीन को बाहर निकाला**

राह चलते लोगों ने किसी तरह खिड़की के कांच तोड़कर पहले पूर्वी राहांगडाले को निकाला। उसके बाद वाहन चला रहे सीतम केलकर (30), मां नानाबाई केलकर (60) को किसी तरह गंभीर अवस्था में निकाला जा सका।

एक्शन में नेपाल के 'जेन जी' प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह

# छात्र राजनीति पर विराम, अमेरिका तक दिखेगा असर

एजेंसी ■ काठमांडू

नेपाल में नए प्रधानमंत्री के तौर पर बालेंद्र शाह ने सरकार संभाली है। उन्हें जेन-जी का प्रधानमंत्री कहा जा रहा है, क्योंकि उन्हें इनका बड़ा समर्थन हासिल हुआ है। युवा प्रधानमंत्री के तौर पर उनकी ओर सबकी निगाहें हैं। इसी क्रम में नेपाल की नव निर्वाचित सरकार ने नेपाल में बेहतर शासन के लिए 100 बिंदुओं वाली एक बड़ी कार्ययोजना पेश की।



पहली कैबिनेट बैठक में इस योजना को मंजूरी दी गई। इसका मकसद सरकारी कामकाज को ज्यादा पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाना है। नेपाल के युवा प्रधानमंत्री के इन फैसलों का उद्देश्य शिक्षा को राजनीति के चंगुल से निकालकर इसे क्वालिटी एजुकेशन बनाना है और इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना है। इन सुधारों के लिए बालेन शाह के निर्णय के मुताबिक 15 दिनों के भीतर एक समिति बनाई जाएगी, जो बड़े नेताओं और उच्च अधिकारियों की संपत्ति की जांच करेगी। पहले चरण में हाल के पदाधिकारियों और दूसरे चरण में 1991-2006 के बीच के लोगों की जांच होगी। हर मंत्रालय अपने काम की स्पष्ट योजना बनाएगा कि कौन क्या करेगा, कब करेगा और उसका परिणाम क्या होगा।

**बालेंद्र शाह के एक्शन प्लान में क्या-क्या?**

- सभी राजनीतिक दलों और समूहों को मिलाकर एक साझा योजना बनाई जाएगी, जिसे नीतियों, बजट और कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा ताकि जिम्मेदारी तय हो सके।
- सात दिनों के अंदर संविधान में बदलाव पर चर्चा के लिए एक पेपर तैयार किया जाएगा। 15 दिनों में सरकार यह स्वीकार करेगी कि पिछड़े और वंचित वर्गों के साथ अन्याय हुआ है। सुधार और माफी जैसी योजनाएं बनाई जाएंगी।
- छात्र आंदोलन से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, रोजगार, कौशल विकास और काउंसलिंग के लिए 100 दिनों में विशेष पैकेज लागू किया जाएगा।
- पुरानी जांच रिपोर्टों को 30 दिनों में लागू किया जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई होगी। सरकार के मंत्रालयों की संख्या घटाकर 17 कर दी जाएगी।
- बेकार प्रक्रियाएं खत्म की जाएंगी और मंजूरी के स्तर अधिकतम 3 तक सीमित होंगे। काम को आसान और तेज बनाने के लिए नई प्रणाली लागू होगी।

**छात्र राजनीति पर प्रतिबंध**

**छात्र राजनीति पर रोक:** दफ्तरों, स्कूलों और विश्वविद्यालयों में राजनीतिक संगठनों पर रोक लगेगी और नियम तोड़ने पर सख्त कार्रवाई होगी। 90 दिनों में राजनीतिक छात्र संगठनों की जगह स्टूडेंट काउंसिल बनाई जाएगी।

**शिक्षा में सुधार:** परीक्षाओं के नतीजे समय पर घोषित होंगे। ग्रेजुएशन तक पढ़ाई के लिए नागरिकता प्रमाण पत्र जरूरी नहीं होगा। कक्षा 5 तक आंतरिक परीक्षा खत्म की जाएगी।

**विदेशी संस्थानों के नाम बदले जाएंगे:** देश में चल रहे विदेशी नाम वाले संस्थानों (ऑक्सफोर्ड, पेंटागन और सेंट जेवियर्स) को इसी साल अपना नाम बदलकर मौखिक नेपाली नाम रखना होगा।

**महिलाओं के लिए बस सेवा:** सभी प्रदेशों में महिलाओं के लिए ब्लू बस सेवा शुरू की जाएगी, 100 दिनों में कम से कम 25 बसें चलाई जाएंगी।

संपादकीय

# संकटकाल में सामूहिक एकता बहुत जरूरी

वैश्विक अस्थिरता और संघर्षों के वर्तमान दौर में भारत एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। मध्य-पूर्व के युद्ध ने न केवल अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को प्रभावित किया है, बल्कि वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा पर भी सवाल खड़े किए हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम महज एक रेडियो संबोधन न रहकर, राष्ट्र के नाम एक मार्गदर्शक मंत्र है। ऐतिहासिक रूप से भारत ने कठिन परिस्थितियों में सदैव अपनी आंतरिक शक्ति और एकजुटता का परिचय दिया है। चाहे वह कोविड-19 जैसी सदी की सबसे बड़ी महामारी रही हो या वर्तमान ऊर्जा संकट, प्रधानमंत्री ने निरंतर देशवासियों को साझा उत्तरदायित्व का बोध कराया है। उनके संबोधनों की सार्थकता इस बात में निहित है कि वे सरकारी नीतियों को जन-आंदोलन में बदलने की क्षमता रखते हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' से लेकर 'एक पेड़ मां के नाम' जैसी भावुक अपीलों तक, उन्होंने सामाजिक और पर्यावरणीय विषयों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ा है। वर्तमान में पश्चिम एशिया के संघर्ष से कच्चे तेल और एलपीजी गैस की आपूर्ति बाधित हुई है, जिसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री का देशवासियों को जागरूक रहने और अफवाहों से बचने का आह्वान प्रेरणादायक है। यह न केवल जनता के मनोबल को बनाए रखने के लिए जरूरी है, बल्कि उन राजनीतिक तत्वों को भी एक स्पष्ट संदेश है जो संकट की घड़ी में संकीर्ण राजनीति का प्रयास करते हैं। 140 करोड़ देशवासियों पर प्रधानमंत्री का अटूट विश्वास ही वह संबल है, जो भारत को वैश्विक तूफानों के बीच एक स्थिर द्वीप बनाए रखता है। सरकार की तत्परता और जनता की एकजुटता का यह संगम ही भविष्य की चुनौतियों से निपटने का विश्वसनीय मार्ग है। आज जरूरत है कि संयम बरतें और राष्ट्र के रूप में एकसूत्र होकर खड़े रहें। जब-जब संकल्पों को सामूहिक शक्ति मिली है, भारत हर बाधा को पार कर विजयी हुआ है।

# भारत का सुनहरा भविष्य इलेक्ट्रिक वाहन

भारत दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ताओं में शामिल है और कच्चे तेल का तीसरा सबसे बड़ा आयातक देश भी। हर वर्ष लगभग 23-24 करोड़ टन (230-240 मिलियन मीट्रिक टन) कच्चे तेल आयात करता है, जिस पर लगभग 140 अरब डॉलर की भारी भरकम विदेशी मुद्रा खर्च होती है। इस आयात का बड़ा हिस्सा परिवहन क्षेत्र में खप जाता है, जबकि उद्योगों में गैस और डीजल की खपत अधिक होती है। ऐसे परिदृश्य में इलेक्ट्रिक वाहन और हरित ऊर्जा न केवल पर्यावरणीय आवश्यकता हैं, बल्कि आर्थिक मजबूरी भी बनते जा रहे हैं। सरकार ने ईवी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एफएएमई (फेम) और पीएम ई-ड्राइव जैसी योजनाओं के माध्यम से ठोस नीतिगत समर्थन दिया है। इन पहलों का उद्देश्य सस्ता, सुलभ और स्वच्छ परिवहन उपलब्ध कराना है। ईवी को अपनाने से जहां प्रदूषण में कमी आती है, वहीं कच्चे तेल पर निर्भरता घटने से विदेशी मुद्रा की बचत भी संभव होती है। इसके अतिरिक्त, बैटरी निर्माण और ईवी उत्पादन से रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

हालांकि, यह बदलाव जितना आकर्षक दिखता है, उतना सरल नहीं है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में सबसे बड़ी चुनौती चार्जिंग इंफ्रस्ट्रक्चर की कमी है। आज देश में लगभग 25,000-30,000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन हैं, जबकि 2035 तक इसकी जरूरत करीब 25-30 लाख तक पहुंच सकती है। यह अंतर बताता है कि आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में भारी निवेश की जरूरत है। ईवी की सफलता का एक महत्वपूर्ण पहलू बैटरी तकनीक है। वर्तमान में लिथियम-आयन बैटरियां सबसे उपयुक्त मानी जाती हैं, लेकिन इनके लिए आवश्यक लिथियम, कोबाल्ट और अन्य रेयर अर्थ खनिजों का भारत में सीमित उत्पादन है। इस कारण भारत को इनका आयात करना पड़ता है। चीन, जापान और दक्षिण कोरिया इस क्षेत्र में तकनीकी बढ़त रखते हैं, जिससे भारत को उनके साथ संयुक्त उपक्रम (जॉइंट वेंचर) की आवश्यकता है। हालांकि, हाल के वर्षों में भारत सरकार ने घरेलू खनन और प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाई है और अर्जेंटीना



व अन्य देशों के साथ खनिज समझौते भी किए हैं।

भारत में ईवी बाजार तेजी से विकसित हो रहा है। 2019 में जहां ईवी की हिस्सेदारी लगभग 1% थी, वहीं 2025 तक यह बढ़कर लगभग 7-8% तक पहुंच गई है। अनुमान है कि 2025 में ईवी बिक्री करीब 20-22 लाख यूनिट के आसपास रही है। विशेष रूप से दोपहिया और तिपहिया वाहनों में तेजी से वृद्धि हुई है, जबकि इलेक्ट्रिक कार और बसें धीरे-धीरे अपनी पकड़ बना रही हैं। सरकार ने 2030 तक ईवी की हिस्सेदारी 30% तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। नीति आयोग के अनुसार, 2035 तक भारत का ईवी क्षेत्र 200 अरब डॉलर का आर्थिक अवसर पैदा कर सकता है और 1 करोड़ से अधिक रोजगार सृजित कर सकता है। यह आंकड़े इस क्षेत्र की संभावनाओं को स्पष्ट करते हैं। लेकिन लक्ष्य पूर्ति के लिए केवल वाहन निर्माण पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं, बल्कि मजबूत इंफ्रास्टक्चर और वित्तीय ढांचे की भी जरूरत होगी। वर्तमान में निवेश का बड़ा हिस्सा वाहन निर्माण और तकनीकी विकास पर निर्भर है, जबकि चार्जिंग नेटवर्क, ग्रिड एकीकरण और फ्लीट विद्युतीकरण में अपेक्षाकृत कम निवेश हुआ है। शायद अनिश्चित मांग, रिर्टन का लंबा समय, महंगी भूमि एवं जटिलताएं कारण हो सकते हैं। चार्जिंग स्टेशन की सफलता काफी हद तक उसके स्थान पर निर्भर करती है, जैसे ट्रांसपोर्ट हब, पार्किंग क्षेत्र या व्यावसायिक केंद्र। ऐसे स्थानों पर जमीन लेना महंगा सौदा है।

दिल्ली जैसे महानगरों में ईवी वाहनों के लिए चार्जिंग व बैटरी-स्वैपिंग तंत्र तेजी से विकसित हो रहे हैं। निजी कंपनियां और स्टार्टअप्स डिलीवरी फ्लीट साझा परिवहन के लिए समाधान विकसित कर रहे हैं। लेकिन यह प्रगति देशभर में एकसमान नहीं है। टियर-2, टियर-3 शहरों में अभी भी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। वैश्विक तुलना में भी भारत पीछे है। यहां प्रति 10 लाख लोगों पर लगभग 50-60 चार्जिंग पॉइंट हैं, जबकि अमेरिका में यह संख्या करीब 500-600 और चीन में 2,000 से अधिक है। यह अंतर भारत के लिए चुनौती के साथ-साथ अवसर भी है। स्थिति साफ है, भारत का ईवी विकास एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। लक्ष्य महत्वाकांक्षी और संभावनाएं विशाल हैं। अब जरूरत है एक संतुलित रणनीति की, जो उत्पादन, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर के बीच सामंजस्य स्थापित कर सके। यदि यह संतुलन बना, तो भारत न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा, बल्कि एक हरित और टिकाऊ भविष्य की दिशा में भी मजबूत कदम रखेगा।

■ राममनोहर रायकवार

दोपहर 3:30 बजे सिंह राशि का नक्षत्र पूर्व फाल्गुनी का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा। रात्रि 9:30 बजे सिंह राशि का नक्षत्र पूर्वा फाल्गुनी का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा। **योग**:- शूल। **करण**:- कौलव। **नक्षत्र के अनुसार राशि नाम अक्षर**:- मू, में, मो, टा। **आराधना का मंत्र**:-।। मंत्र: ऊं दाशरथये विद्महे सीतावल्लभाय धीमहि, तन्नो राम प्रचोदयात्।।

- **मेष राशि**:- समय आज से ठीक हो रहा है, मन प्रसन्न रहेगा। कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, प्रेम-संबंधों में अनुकूलता आएगी।
- **वृषभ राशि**:- राशि स्वामी और बुध दोनों ही आपकी मदद कर रहा है, धार्मिक कार्यों में रुचि तेजी से बढ़ेगी।
- **मिथुन**:- समय आज पूरी तरह से आपकी मदद करेगा, यश और मान-सम्मान में वृद्धि होगी।
- **कर्क राशि**:- समय आज सामान्य है, घरेलू परेशानियां बढ़ सकती हैं, प्रेम-संबंधों में प्रतिकूलता रह सकती।
- **सिंह राशि**:- समय आज से शानदार हो गया है, कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, मन प्रसन्न रहेगा।
- **कन्या राशि**:- समय आज कमजोर सा है, अनावश्यक बहस करने से बचें प्रेम-संबंधों से बचें।
- **तुला राशि**:- समय बढ़िया बना हुआ है, अपने आवश्यक कार्यों को तेजी से एक-दो दिन में अवश्य कर लें।
- **वृश्चिक राशि**:- समय आज पूरी तरह से आपकी सहायता करेगा, कार्यक्षेत्र शानदार रहेगा।
- **धनु राशि**:- समय आज से सामान्य हो रहा है, जरूरी काम अभी भी सोच समझ कर करें। प्रेम-संबंध सामान्य होंगे।
- **मकर राशि**:- समय आज ठीक नहीं है, वाद-विवाद से बचें, वाहन सावधानी से चलाएं।
- **कुंभ राशि**:- समय आज बेहद शानदार बना हुआ है, कार्यक्षेत्र बढ़िया रहेगा। प्रेम-संबंध और शानदार बनेंगे।
- **मीन राशि**:- समय आज आपकी पक्ष का बना हुआ है, विरोधी पक्ष कमजोर रहेंगे, यात्रा सुखद रहेगी।



कर्नाटक की घटना लोकतंत्र के उस द्वंद्व को उजागर करती है, जहां जनसेवक और विशेषाधिकार के बीच की रेखा धुंधली होती जा रही है। जब जनप्रतिनिधि स्वयं को आम नागरिक से अलग समझने लगते हैं, तो यह न केवल समानता के सिद्धांत को ठेस पहुंचाता है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगा देता है।

# लोकतंत्र में 'वीआईपी संस्कृति' का उभार

कर्नाटक विधानसभा से जुड़ा हालिया घटनाक्रम, जिसमें विधायकों द्वारा आईपीएल टिकट के लिए स्वयं को वीआईपी बताने और विशेष व्यवस्था की मांग करने की बात सामने आई, भारतीय लोकतंत्र की मूल भावना पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। लोकतंत्र का आधार समानता और जनप्रतिनिधित्व है, लेकिन जब जनप्रतिनिधि ही स्वयं को विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग मानने लगें, तो यह व्यवस्था की आत्मा को आहत करता है। यह केवल एक घटना नहीं, बल्कि उस मानसिकता का प्रतिबिंब है जो धीरे-धीरे हमारे राजनीतिक तंत्र में गहराती जा रही है। लोकतंत्र में विधायक, सांसद या कोई भी निर्वाचित प्रतिनिधि मूलतः जनता का सेवक होता है। वह जनता के वोट से सत्ता तक पहुंचता है और उसका पहला दायित्व जनता के प्रति जवाबदेही का होता है। लेकिन जब वही प्रतिनिधि यह कहे कि वह लाइन में खड़ा नहीं हो सकता, तो यह केवल एक बयान नहीं, बल्कि जनता के प्रति उसकी सोच को उजागर करता है। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या जनता ने उन्हें इसलिए चुना है कि वे स्वयं को 'वीआईपी' घोषित करें? यदि प्रतिनिधि ही स्वयं को जनता से ऊपर मानने लगें, तो लोकतंत्र का संतुलन बिगड़ना तय है।

**लाइन** में लगना केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि समानता का प्रतीक है। यह इस बात का प्रतीक है कि सभी नागरिक बराबर हैं। जब विधायक यह कहते हैं कि वे लाइन में नहीं लग सकते, तो वे अनजाने में यह संदेश दे रहे होते हैं कि वे स्वयं को आम नागरिक से अलग और ऊपर मानते हैं। यह सोच लोकतंत्र के उस मूल सिद्धांत के विपरीत है, जहां हर व्यक्ति, चाहे वह आम नागरिक हो या जनप्रतिनिधि, समान अधिकार और कर्तव्य रखता है। वोट मांगने वाला यदि स्वयं को विशेष मानने लगे, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों की विडंबना ही कही जाएगी। लोकतंत्र में जनता ही असली 'वीआईपी' होती है, क्योंकि वही सत्ता का स्रोत है। जनता अपने प्रतिनिधियों को चुनती है, उन्हें अधिकार देती है और उनसे अपेक्षा करती है कि वे उसके हितों की रक्षा करेंगे। लेकिन जब जनप्रतिनिधि ही जनता से दूरी बनाने लगें और अपने लिए विशेष सुविधाएं मांगें, तो यह संबंध कमजोर होने लगता है। ऐसी स्थिति में आम नागरिक अपने प्रतिनिधियों तक अपनी बात पहुंचाने में असहज महसूस करता है और लोकतंत्र का संवाद कमजोर पड़ जाता है।

**यह** घटना केवल आलोचना का विषय नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी है। राजनीतिक दलों को अपने प्रतिनिधियों को यह समझाने की आवश्यकता है कि सत्ता विशेषाधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। साथ ही, जनता को भी अधिक सजग और जागरूक होना होगा, ताकि वह ऐसे व्यवहार को स्वीकार न करे। लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है, जब जनप्रतिनिधि स्वयं को जनता का सेवक मानें और जनता अपने अधिकारों के प्रति सजग रहे। अंततः यह समझना आवश्यक है कि लोकतंत्र में कोई भी व्यक्ति जनता से बड़ा नहीं होता। विधायक, सांसद या मंत्री, सभी जनता के प्रतिनिधि हैं, न कि उसके ऊपर। यदि यह मूल भावना कमजोर पड़ती है, तो लोकतंत्र केवल एक औपचारिक व्यवस्था बनकर रह जाएगा। आज आवश्यकता है इस 'वीआईपी संस्कृति' को समाप्त करने की और उस मूल सिद्धांत को पुनः स्थापित करने की, जहां जनता ही सर्वोपरि हो। तभी लोकतंत्र सशक्त और सार्थक बन सकेगा।

■ हरिनारायण मिश्रा

## धर्म-आस्था

# अहिंसा और तप के प्रतीक भगवान महावीर स्वामी



जैन धर्म भारत की प्राचीनतम धार्मिक परंपराओं में से एक है, जो अहिंसा, संयम और आत्म-मुक्ति पर आधारित है। इसके तीर्थंकरों और तीर्थ स्थलों ने इस धर्म को एक विशिष्ट पहचान दी है। इस लेख में हम आपको बताएंगे भगवान महावीर स्वामी के जीवन, उनके पंचशील सिद्धांतों और जैन धर्म के प्रमुख तीर्थ स्थलों (सम्मेद शिखर जी, कुंडलपुर और चैत्यगिरी पर्वत) के इतिहास, महत्व और प्रासंगिकता के बारे में।

## 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन त्याग और आत्म-संयम का अनुपम उदाहरण है। उनका जन्म 599 ईसा पूर्व वैशाली (वर्तमान बिहार) के कुंडलग्राम में राजा सिद्धार्थ और माता त्रिशला के यहां हुआ था। बचपन में उनका नाम वर्धमान था, किंतु वीरता और संयम के कारण वे 'महावीर' कहलाए। विवाह और एक पुत्री के बाद भी, 30 वर्ष की आयु में उन्होंने राजसी वैभव को त्यागकर संन्यास ग्रहण किया। बारह वर्षों तक कठोर तपस्या और मौन साधना के बाद उन्हें केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई, जो जैन दर्शन का सर्वोच्च स्तर है। इसके बाद उन्होंने 30 वर्षों तक दक्षिण एशिया में अहिंसा, सत्य और संयम का संदेश फैलाया। 72 वर्ष की आयु में पावापुरी (बिहार) में उन्होंने मोक्ष प्राप्त किया। उनका जीवन जैन धर्म को एक नई दिशा देने वाला रहा। उन्होंने हिंसा, मोह और स्वार्थ को त्यागने की शिक्षा दी, जो आज भी मानवता के लिए प्रेरक है। उनके उपदेशों ने जैन धर्म को केवल एक संप्रदाय से ऊपर उठाकर एक जीवन दर्शन के रूप में स्थापित किया। महावीर स्वामी ने पांच सिद्धांतों (अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह) की नींव रखी, जिन्हें 'पंचशील सिद्धांत' कहा जाता है। ये सिद्धांत आत्मा को शुद्ध करने और मोक्ष की ओर ले जाने का मार्ग हैं।

## पंचशील सिद्धांत, जैन धर्म का आधार

महावीर स्वामी ने पांच सिद्धांतों (अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह) की नींव रखी, जिन्हें 'पंचशील सिद्धांत' कहा जाता है। ये सिद्धांत आत्मा को शुद्ध करने और मोक्ष की ओर ले जाने का मार्ग हैं।

### अहिंसा

**यह जैन** धर्म का मूल सिद्धांत है। इसका अर्थ है किसी भी प्राणी को मन, वचन या कर्म से हानि न पहुँचाना। महावीर ने इसे व्यापक रूप दिया, जिसमें सूक्ष्म जीवों की रक्षा भी शामिल है। यह सिद्धांत शांति, करुणा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है।

### सत्य

**सत्य का** पालन करते हुए महावीर ने कहा कि यह अहिंसा से जुड़ा होना चाहिए। यदि सच बोलने से हिंसा हो, तो मौन श्रेयस्कर है। यह विश्वास और नैतिकता का आधार बनता है।

### अस्तेय

**बिना अनुमति** किसी की वस्तु न लेना, चाहे वह भौतिक हो या भावनात्मक। यह ईमानदारी और सामाजिक समरसता को प्रोत्साहित करता है।

### ब्रह्मचर्य

**इंद्रियों पर** नियंत्रण और काम-वासना से मुक्ति। यह मानसिक शुद्धता और आत्म-संयम का प्रतीक है।

### अपरिग्रह

**अनावश्यक संग्रह** और मोह से दूर रहना। यह संतोष और स्वतंत्रता का मार्ग दिखाता है।



इन सिद्धांतों का महत्व आज के संदर्भ में भी असीम है। ये न केवल व्यक्तिगत जीवन को संतुलित करते हैं, बल्कि पर्यावरण संकट और सामाजिक असमानता जैसे मुद्दों के समाधान में भी योगदान देते हैं।

## चैत्यगिरी पर्वत जैन कला और आस्था का संगम



चैत्यगिरी पर्वत, जिसे चित्तौड़गिरी भी कहते हैं, राजस्थान के चित्तौड़गढ़ दुर्ग में स्थित है। इसका इतिहास मौर्य काल से शुरू होता है, जब चित्रांगद मौर्य ने इसे स्थापित किया। मेवाड़ के बप्पा रावल और मध्यकाल में श्वेतांबर संप्रदाय ने इसे समृद्ध किया। यहां 'कीर्ति स्तंभ' और 'सातबीस देवरी' मंदिर प्रमुख हैं। कीर्ति स्तंभ, जो ऋषभनाथ को समर्पित है, 12वीं शताब्दी में बनाया गया और सात मंजिला है। सातबीस देवरी में 27 तीर्थंकरों की मूर्तियां हैं। यहां के मंदिर जैन दर्शन (अहिंसा, संयम और वैराग्य) को प्रतिबिंबित करते हैं। मुगल काल में भी इसकी महत्ता बनी रही, जब अकबर ने जैन मुनियों को सम्मान दिया। यह स्थल राजपूत और जैन परंपराओं का संगम है और अरावली की प्राकृतिक छटा से सुशोभित है। यहां की यात्रा आत्म-शुद्धि का प्रतीक है। भगवान महावीर के पंचशील सिद्धांत और जैन तीर्थ (सम्मेद शिखर, कुंडलपुर और चैत्यगिरी) जैन धर्म की आत्मा हैं। महावीर का जीवन और सिद्धांत व्यक्तिगत और सामाजिक सुधार का मार्ग दिखाते हैं, जबकि ये तीर्थ स्थल आध्यात्मिकता और इतिहास का जीवंत प्रमाण हैं। ये स्थान न केवल जैनियों, बल्कि सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं, जो जीवन को संयम और शांति की ओर ले जाते हैं। इनकी प्रासंगिकता आज भी उतनी ही है, जितनी प्राचीन काल में थी।



## डेस्क जॉब के साथ सेहत का तालमेल

# सिटिंग जॉब में फिट रहने के अचूक मंत्र

कॉर्पोरेट संस्कृति में 8 से 9 घंटे लगातार कुर्सी पर बैठकर काम करना एक अनिवार्य हिस्सा है। सिटिंग जॉब काफी आरामदायक और सुरक्षित लग सकती है, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसे खतरनाक मानते हैं। घंटों कंप्यूटर स्क्रीन के सामने रहने से न केवल शरीर प्रभावित होता है, बल्कि मानसिक थकान भी हावी होती है। इससे ब्लड प्रेशर, कमर दर्द, डायबिटीज और मोटापे जैसी गंभीर समस्याएं उपज सकती हैं। लेकिन कुछ स्मार्ट और आसान बदलावों से आप खुद को ऑफिस में भी तंदुरुस्त रख सकते हैं।

### आंखों का ख्याल और डिजिटल डिटॉक्स

लगातार लैपटॉप या डेस्कटॉप पर नजरें गड़ाए रखने से आंखों की रोशनी पर बुरा असर पड़ता है और डिजिटल आई स्ट्रेन की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए हर आधे घंटे में अपनी आंखों को स्क्रीन से हटाकर दूर कहीं देखें और पलकों को बार-बार झपकाएं। ब्रेक के दौरान आंखों पर ठंडे पानी के छींटे मारना उन्हें नमी प्रदान करता है और संक्रमण या जलन के खतरे को कम करता है।

### मानसिक शांति के लिए संगीत का सहारा

जब काम का बोझ बढ़ने लगे और एकाग्रता टूटने लगे, तो हल्की आवाज में पसंदीदा संगीत सुनना एक स्ट्रेस बस्टर की तरह काम करता है। संगीत सुनने से मस्तिष्क में तनाव कम होता है और मूड बेहतर होता है। जब आप मानसिक रूप से शांत और प्रसन्न होते हैं, तो शारीरिक थकान का अनुभव भी कम होने लगता है। यह छोटी सी गतिविधि आपकी कार्यक्षमता को कई गुना बढ़ा सकती है।

### लिफ्ट नहीं सीढ़ियों से बढ़ाएं कदम

ऑफिस की इमारतों में लिफ्ट एक बड़ी सुविधा है, लेकिन फिटनेस के लिहाज से यह एक बाधा भी है। यदि आप मीटिंग के लिए दूसरे फ्लोर पर जा रहे हैं या कैंटीन की ओर रुख कर रहे हैं, तो लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों का चुनाव करें। यह एक बेहतरीन लो-इम्पैक्ट कार्डियो एक्सरसाइज है जो आपके पैरों की मांसपेशियों को सक्रिय रखती है और शरीर में रक्त संचार बढ़ाती है। विशेषकर उन लोगों के लिए जिन्हें शुगर या बीपी की समस्या है, सीढ़ियां चढ़ना किसी प्राकृतिक औषधि से कम नहीं है।

### हाइड्रेशन और वर्क-टेबल पर पानी

काम के दबाव में अक्सर हम पानी पीना भूल जाते हैं, जिससे शरीर में डिहाइड्रेशन होने लगता है। पानी न केवल शरीर को हाइड्रेटेड रखता है, बल्कि यह मेटाबॉलिज्म को दुरुस्त कर वजन नियंत्रित करने में भी मदद करता है। अपनी वर्क-टेबल पर हमेशा एक पानी की बोतल भरकर रखें और हर 30-40 मिनट में कुछ घूंट पानी पिएं। यह आदत आपको बेवजह की क्रेविंग और जंक फूड खाने से बचाती है, जिससे ऊर्जा का स्तर बना रहता है।

### हेल्दी स्नैकिंग और चेयर स्ट्रेचिंग

अक्सर शाम के समय भूख लगने पर हम समोसे या बिस्किट खा लेते हैं। इसके बजाय अपने बैग में भुने हुए चने, मखाने, फल या ड्राई फ्रूट्स रखें। साथ ही, अपनी कुर्सी को ही मिनी जिम बनाएं। बैठे-बैठे पैरों और पीठ को स्ट्रेच करें, गर्दन को धीरे-धीरे घुमाने से आपकी मांसपेशियों की अकड़न को दूर होती है। पंजों के बल कुछ सेकंड खड़े होना भी थकान मिटाने का प्रभावी तरीका है। इन छोटे और निरंतर प्रयासों से पेशेवर जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ अपने शरीर को भी स्वस्थ रख सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक ''**गिलेडविन मसीह**'' के लिए ''**बुलंद मंज़िल**'' हिन्दी दैनिक ए.एच. प्रिन्टर्स, सीधी सराय, असालतपुरा मुरादाबाद मे मुद्रित कराकर कार्यालय बुलंद मंज़िल शंकर कॉलेज चौराहा, राजा मार्केट, प्रथम तल, जनपद संभल से वितरित किया गया। इस अंक में प्रकाशित समाचारों में खबरों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी०आर०वी० एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद सम्भल न्यायालय के अधीन होंगे।

**PRGI NO. - UPBIL/25/A4797- Contect No.- 8630704122**

## संक्षिप्त खबरें

### पुराने विवाद में घर में घुसकर महिला व बच्चों पर हमला, दो गंभीर घायल




**दैनिक बुलंद मंजिल**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रखेड़ा में रविवार रात पुरानी रंजिश के चलते एक मजदूर के घर में घुसकर महिला और उसके दो बच्चों पर हमला करने का मामला सामने आया है। घटना के समय परिवार का मुखिया प्रेम सिंह मजदूरी के सिलसिले में हरियाणा गया हुआ था। जानकारी के अनुसार, रात में तीन हमलावर जबरन घर में घुस आए और घर में मौजूद यशोदा, उनकी बेटी प्रियंका और बेटे गौरव के साथ मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले से परिवार में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। हमले में यशोदा सहित उनके दोनों बच्चे घायल हो गए। परिजन तुरंत घायलों को लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को नामजद तहरीर दी। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने प्रियंका और गौरव की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि सभी घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### कानून से भागना पड़ा भारी, वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**दैनिक बुलंद मंज़िल/जितेंद्र यादव**

**अमरोहा।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अमरोहा नगर पुलिस को एक अहम सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने सोमवार को एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक यादव व प्रभारी निरीक्षक अमरोहा नगर सुनील कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार सोमवार को थाना अमरोहा नगर पुलिस टीम ने वारंटी अभियुक्त राजा उर्फ रहिसउद्दीन पुत्र नाजिर निवासी मोहल्ला दानिशमंदान, थाना अमरोहा नगर को गिरफ्तार किया। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध मु0नं0 2309/24 व मु0अ0सं0 136/23 के तहत धारा 452, 386, 388, 389, 504 व 506 भारतीय दंड संहिता में मामला दर्ज है और वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

पुलिस ने अभियुक्त को आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण करते हुए न्यायालय अमरोहा के समक्ष पेश कर दिया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में वारंटी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाएगा।

### रजबपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, न्यायालय में पेश



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रजबपुर ब्यूरो।** थाना पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। यह कार्रवाई सोमवार को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में की गई।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक यादव के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना रजबपुर संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय रही। इसी क्रम में पुलिस ने अभियुक्त अमित कुमार पुत्र ओमकार निवासी ग्राम मंजूरपुरा, थाना रजबपुर, जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया।

उसके विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत यह गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बना रहे।

# गांव की सरकार ने बदली तकदीर, प्रधान बने रोजगार के हीरो





**दैनिक बुलंद मंज़िल/असलम सैफी जिला प्रभारी**

**अमरोहा।** जनपद में ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने और ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में उन ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने-अपने गांवों में सर्वाधिक ग्रामोद्योगी इकाइयों की स्थापना कर रोजगार सृजन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने जिले के सभी छह विकास खंडों से चयनित दो-दो ग्राम प्रधानों को खादी निर्मित अंगवस्त्र और 2000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भेंट कर सम्मानित किया। जिनमें विकासखंड अमरोहा के ग्राम पृथ्वीपुर खुर्द के प्रधान रविशंकर व ग्राम याहियापुर के ग्राम प्रधान लखपत, विकासखंड हसनपुर के ग्राम ताहरपुर के ग्राम प्रधान संदीप कुमार व ग्राम सोहत के ग्राम प्रधान देशराज, विकासखंड धनौरा के ग्राम लीसड़ी खुर्द की ग्राम प्रधान करेशना एवं ग्राम चकनवाला मुस्तकम की ग्राम प्रधान लज्जा देवी, विकासखंड जोया के ग्राम पतई खालसा की ग्राम प्रधान माया एवं ग्राम नारंगपुर की ग्राम प्रधान रेखा, विकासखंड गजरौला के ग्राम भगवानपुर भूड़ उर्फ रहीमपुर के ग्राम प्रधान कदीर अहमद एवं ग्राम मोहम्मदाबाद मुस्तकम के प्रधान रियासत अली, विकासखंड गंगेश्वरी के ग्राम पोरारा मुस्तकम के ग्राम प्रधान इशरत अली एवं ग्राम दौरारा के ग्राम प्रधान रेनू को सम्मानित किया गया यह सम्मान न केवल उनकी उपलब्धियों का प्रतीक बना, बल्कि अन्य ग्राम प्रधानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत साबित हुआ। इन सभी ने अपने-अपने क्षेत्रों में ग्रामोद्योग इकाइयों की स्थापना कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा किए, जिससे ग्रामीण युवाओं को अपने ही गांव में काम मिलने लगा और पलायन पर भी अंकुश लगा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्रामोद्योग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी प्रधानों से आान किया कि वे अपने गांवों में स्वच्छता, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि गांव आत्मनिर्भर बन सकें।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गजेन्द्र सिंह ने भी प्रधानों की सराहना करते हुए कहा कि यदि इसी तरह से ग्राम स्तर पर उद्योगों को बढ़ावा मिलता रहा, तो न केवल बेरोजगारी कम होगी, बल्कि स्थानीय उत्पादों को भी नई पहचान मिलेगी। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया कि वे बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रेरित करें और उन्हें ग्रामोद्योग से जोड़ने में सहयोग करें।

यह आयोजन केवल सम्मान समारोह तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह संदेश देने में भी सफल रहा कि यदि जनप्रतिनिधि ठान लें, तो गांवों की तस्वीर बदली जा सकती है। अमरोहा के इन प्रधानों ने यह साबित कर दिया है कि सही दिशा और प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र भी विकास और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों को छू सकते

## प्राथमिक विद्यालय कण्डोवा में धूमधाम से मनाया गया परीक्षाफल वितरण समारोह






**दैनिक बुलंद मंजिल**

**हसनपुर ।** विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय कण्डोवा में सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद कक्षा 1 से 5 तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे, वहीं अभिभावकों ने भी विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की। मुख्य अतिथि रामवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्तर पर मजबूत नींव ही आगे की सफलता का आधार बनती है, जिसमें शिक्षकों और अभिभावकों की संयुक्त भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्रों को निरंतर मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह के उपरांत स्कूल चलो अभियान के तहत पूरे गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पूर्व एआरपी राहुल, प्रधानाध्यापक महताबउद्दीन, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष रामफल सिंह सहित सहायक अध्यापक रंजीत सिंह, अंजू शर्मा, सुमन रानी, राघवेंद्र सिंह, मदनपाल, कलुवा सिंह, गेंदा सिंह, हरिओम और कैलाश सिंह मौजूद रहे।

## एनएसएस शिविर में जल संरक्षण व मिशन शक्ति पर जागरूकता, छात्राओं को सुरक्षा के दिए टिप्स





**दैनिक बुलंद मंजिल**

**हसनपुर।** झम्मनलाल पीजी कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शमा परवीन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवियों ने एनएसएस का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान जल संरक्षण और मिशन शक्ति-5 (द्वितीय चरण) मुख्य विषय रहे। जल संरक्षण पर अपने विचार रखते हुए प्राचार्या डॉ. शमा परवीन ने कहा कि गर्मियों का मौसम नजदीक है, ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे पानी की बबार्दी रोकें, क्योंकि जल ही जीवन का आधार है।

मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. नीति शर्मा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए महिला हेल्पलाइन 1090 की जानकारी दी। वहीं अंग्रेजी विभाग के प्रवक्ता पंकज कुमार ने छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवियों को सूक्ष्म जलपान के रूप में फल वितरित किए गए तथा विद्यार्थियों ने कविताएं प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तृतीय सत्र में पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी गई और महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया, जिसमें माली नरेंद्र का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवियों की उपस्थिति रही और सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## प्रेमी संग मिलकर पति को उतारा मौत के घाट, पत्नी समेत तीन आरोपी गिरफ्तार




**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर।** प्रेम-प्रसंग की आग में एक घर उजड़ गया और भरोसे का रिश्ता खून से रंग गया। थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलौती कलां में हुए इस सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर पदार्फाश कर दिया, जिसमें चौंकाने वाला सच सामने आया–जिसे जीवनसाथी समझा, उसी ने मौत की साजिश रच डाली। 30 वर्षीय मेराज का शव जब घर की चारपाई पर लहूलुहान हालत में मिला, तो हर कोई हैरान रह गया। गले, पेट, हाथ और पैरों पर धारदार हथियार से किए गए कई वार उसकी बेरहमी से हत्या की गवाही दे रहे थे। हैरानी की बात यह रही कि पास ही दूसरी चारपाई पर उसकी पत्नी रूही और दो मासूम बच्चे सो रहे थे, जिससे मामला और भी रहस्यमय बन गया। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू की और जल्द ही शक की सुई पत्नी रूही पर आकर टिक गई। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने जो कहानी बयां की, उसने सबको सन्न कर दिया। रूही ने कबूल किया कि पिछले पांच साल से उसका अपनी सगी बहन के देवर फरमान के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। पति मेराज इस रिश्ते में सबसे बड़ी बाधा बन गया था। उसे रास्ते से हटाने के लिए एक खौफनाक साजिश रची गई। घटना वाली रात रूही ने पहले मेराज को खाने में नींद की गोलियां दीं, ताकि वह गहरी नींद में चला जाए। इसके बाद उसने अपने प्रेमी फरमान और उसके दोस्त अदनान को घर बुलाया। तीनों ने मिलकर पहले मेराज को रस्सी से बांधा और फिर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रूही, फरमान और अदनान को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त चाकू और मोबाइल फोन भी बरामद कर लिए गए हैं। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि जब रिश्तों में विश्वास टूटता है, तो उसके अंजाम कितने खतरनाक हो सकते हैं। पूरे क्षेत्र में इस वारदात को लेकर चर्चा का माहौल है और लोग इसे ह्यइश्क में अंधी साजिशह्न के तौर पर देख रहे हैं।

## वन विभाग की जमीन बनी पोल्ट्री फार्म, चौकीदार पर गंभीर आरोप



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रहरा ब्यूरो।** तहसील हसनपुर क्षेत्र के गांव सिमथला से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां वन विभाग का ही चौकीदार विभागीय जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से मुर्गा पालन फार्म चला रहा है। जिस व्यक्ति पर वन संपदा की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वही नियमों को ताक पर रखकर सरकारी भूमि का दुरुपयोग कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, उक्त चौकीदार ने वन विभाग की भूमि पर धीरे-धीरे कब्जा जमाया और वहां स्थायी रूप से मुर्गा फार्म स्थापित कर लिया। फार्म में बड़ी संख्या में मुर्गों का पालन किया जा रहा है, जिससे न केवल सरकारी जमीन का अतिक्रमण हो रहा है, बल्कि आसपास के पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। दुर्गंध और गंदगी के कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि विभाग के अंदरूनी संरक्षण के चलते चौकीदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है।

यह मामला न केवल सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग ही नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। यदि समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं की गई, तो अन्य लोग भी इसी तरह सरकारी भूमि पर कब्जा करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। अब देखना यह होगा कि वन विभाग इस गंभीर मामले को लेकर क्या कदम उठाता है और क्या दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है या फिर मामला यूं ही ठंडे बस्ते में चला जाता है।

# पूर्व विधायक का भतीजा बना नायब तहसीलदार जिले का नाम किया रोशन



विजेंद्र सिंह नायब तहसीलदार के परिवार के लोग




विजेंद्र सिंह नायब तहसीलदार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**अमरोहा ब्यूरो।** हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव साथलपुर निवासी विजेंद्र सिंह ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल कर नायब तहसीलदार बनकर जनपद का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और परिवार व समर्थकों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

विजेंद्र सिंह पूर्व विधायक हरपाल सिंह तथा सपा नेता एवं पूर्व विधायक पीतम सिंह के भतीजे हैं, जबकि भाजपा नेता विपिन सागर के छोटे भाई हैं। उनकी सफलता पर परिजनों और शुभचिंतकों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। सभी ने इसे विजेंद्र की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम बताया और कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। विजेंद्र सिंह का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। उनके पिता प्रेम सिंह का वर्ष 2002 में बीमारी के चलते निधन हो गया था। पिता का साया सिर से उठ जाने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और अंततः सफलता हासिल की।

शिक्षा की बात करें तो विजेंद्र ने कक्षा 8 तक की पढ़ाई शिशु मंदिर ढबारसी से की। इसके बाद वर्ष 2011 में हाई स्कूल शिक्षा भारती इंटर कॉलेज रहरा से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। वर्ष 2013 में चित्रगुप्त इंटर कॉलेज मुरादाबाद से इंटरमीडिएट किया। आगे की पढ़ाई में उन्होंने रमाबाई डिग्री कॉलेज गजरौला से बीएससी तथा वर्ष 2022 में एचडीएसडीपीजी कॉलेज दूल्हेपुर अहीर से एमए की डिग्री प्राप्त की। परिजनों के अनुसार विजेंद्र प्रतिदिन 18 से 20 घंटे तक पढ़ाई करते थे। पिछले एक वर्ष से वह दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। उनकी इस कठिन मेहनत और समर्पण ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। परिवार में उनकी माता, दो भाई कमल सिंह और विपिन सागर तथा चार बहनें हैं। विजेंद्र सबसे छोटे हैं। उनकी इस सफलता पर संरक्षक हरपाल सिंह पूर्व विधायक, प्रीतम सिंह सपा नेता व पूर्व विधायक, ग्राम प्रधान रामौतार सिंह और राशन डीलर नौवहार सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

# डिजिटल आंगनबाड़ी की ओर बड़ा कदम: नियुक्ति पत्र, स्मार्टफोन और नए केंद्रों की सौगात

**दैनिक बुलंद मंज़िल/असलम सैफी जिला प्रभारी**





**अमरोहा।** सोमवार को आंगनबाड़ी व्यवस्था को मजबूत और आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ स्थित लोक भवन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसके साथ ही जिले में कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरूआत हुई।

कार्यक्रम के दौरान 298 आंगनबाड़ी सहायिकाओं और 10 कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही 123 कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन भी दिए गए, जिससे अब बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की डिजिटल मॉनिटरिंग संभव हो सकेगी। इस मौके पर 11 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण और 2 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास भी किया गया।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने नियुक्ति पाने वाली महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बच्चों के पोषण, शिक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी निभाते हुए कार्यकत्रियां देश के भविष्य को संवारने का काम करती हैं। ब्लॉक प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और ऑनलाइन माध्यम से संपन्न कराई गई है। उन्होंने कहा कि डिजिटल पहल के तहत स्मार्टफोन वितरण से कार्यकत्रियां अब तकनीक के जरिए बच्चों की सेहत पर नजर रख सकेंगी, जिससे कुपोषण से लड़ाई को और मजबूती मिलेगी।

मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता कुपोषण मुक्त समाज का निर्माण है। उन्होंने कार्यकत्रियों से अपील की कि वे अपने दायित्वों को समझते हुए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश तिवारी सहित कई अधिकारी, सुपरवाइजर और बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम ने साफ संकेत दिया कि अब आंगनबाड़ी व्यवस्था पारंपरिक ढांचे से आगे बढ़कर डिजिटल और सशक्त स्वरूप की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही है।

# हसनपुर पुलिस की कार्रवाई: तीन आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय भेजे गए





**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर ब्यूरो।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हसनपुर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरियां के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी के पर्यवेक्षण में की गई। प्रभारी निरीक्षक थाना हसनपुर राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में राजपाल सैनी पुत्र स्वर्गीय बलराम सिंह निवासी ग्राम करनपुर माफी, गौतम पुत्र थान सिंह निवासी ग्राम सतेड़ा थाना हसनपुर तथा सलमान पुत्र शौकीन निवासी ग्राम शाहजमाल थाना किठौर जनपद मेरठ शामिल हैं। पुलिस के अनुसार तीनों अभियुक्तों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए सभी आरोपियों को न्यायालय उपजिलाधिकारी हसनपुर के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाते रहेंगे।

# अप्रैल में बीमारियों पर सर्जिकल स्ट्राइक, प्रशासन अलर्ट मोड में

**दैनिक बुलंद मंज़िल/असलम सैफी जिला प्रभारी**





**अमरोहा।** जनपद में संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में आयोजित अंतरविभागीय बैठक में अप्रैल माह के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई। बैठक में साफ संदेश दिया गया कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभागों को अपनी जिम्मेदारियां पूरी ईमानदारी से निभानी होंगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 1 से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 10 से 30 अप्रैल तक प्रस्तावित दस्तक अभियान को पूरी गंभीरता के साथ लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करते हुए अन्य विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करे, ताकि अभियान का असर जमीनी स्तर पर दिखे।

बैठक में बताया गया कि सभी विभागों से माइक्रोप्लान प्राप्त हो चुके हैं और करीब 95 प्रतिशत कर्मियों एवं वार्ड मेंबर्स को जागरूक किया जा चुका है। डीएम ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नियमित सफाई, एंटी लार्वा छिड़काव और फॉगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए पंपलेट वितरण और जनसंपर्क गतिविधियों को तेज करने पर जोर दिया गया।

आगामी हीट वेव को देखते हुए क्या करें और क्या न करें संबंधी जानकारी भी आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि डेंगू और अन्य वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन का लक्ष्य है कि इस अभियान के जरिए जनपद को संचारी रोगों से सुरक्षित बनाया जाए।

# एसपी की चौपाल में गूंजी जनता की आवाज, मौके पर मिला समाधान

**दैनिक बुलंद मंज़िल/जितेंद्र यादव**





**अमरोहा।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की। इस दौरान दूर-दराज क्षेत्रों से आए शिकायतकर्ताओं ने अपनी विभिन्न समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं।

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, साइबर अपराध, मारपीट और अन्य आपराधिक मामलों से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें और प्रत्येक मामले की नियमित समीक्षा करें। साथ ही, उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि शिकायतकर्ता को कार्रवाई की जानकारी समय-समय पर दी जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को भी जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने की हिदायत दी गई। इस पहल से आमजन में विश्वास बढ़ा है और लोगों को अपनी समस्याएं सीधे पुलिस प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है।

# अमरोहा पुलिस की सटीक कार्रवाई, वांछित आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**



**बछरायूं ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन में जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बछरायूँ पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। क्षेत्राधिकारी मंडी धनौरा अंजली कटारिया व थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना बछरायूँ पर पंजीकृत मु0अ0स0 संख्या 49/26 धारा 69/351(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त रिहान पुत्र लुकमान निवासी ग्राम भगवानपुर भूड़ थाना बछरायूँ जिला अमरोहा को पुलिस ने गिरफ्तार किया। अभियुक्त काफी समय से पुलिस की पकड़ से दूर चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर दबिश देकर अभियुक्त को हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए अभियुक्त को न्यायालय अमरोहा के समक्ष पेश किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# टेट की अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का बिगुल, 4 अप्रैल को दिल्ली में शक्ति प्रदर्शन

**दैनिक बुलंद मंज़िल**




**हसनपुर ब्यूरो।** टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर शिक्षकों ने अब निर्णायक लड़ाई का ऐलान कर दिया है। टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले 4 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए अमरोहा में रणनीति तैयार की गई। अतरासी स्थित संस्कार वाटिका में आयोजित बैठक में शिक्षकों ने एकजुट होकर आर-पार की लड़ाई का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मांडलिक मंत्री सर्वेश कुमार शर्मा ने कहा कि यह संघर्ष केवल टेट की अनिवार्यता खत्म करने का नहीं, बल्कि शिक्षकों के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने शिक्षकों से आान किया कि वे भारी संख्या में दिल्ली पहुंचकर अपनी ताकत का एहसास कराएं। तय किया गया कि प्रत्येक ब्लॉक से कम से कम चार बसें रैली के लिए रवाना होंगी। टीएफआई के राष्ट्रीय सचिव यशपाल सिंह ने स्पष्ट कहा कि जनपद से हजारों शिक्षक 4 अप्रैल की सुबह दिल्ली कूच करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि रास्ते में पुलिस द्वारा बसों को रोका गया तो वहीं धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने इस आंदोलन को करो या मरो की संज्ञा देते हुए कहा कि इस बार शिक्षक पीछे हटने वाले नहीं हैं। बैठक में विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखते हुए एकजुटता पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर थोपे गए टेट की अनिवार्यता को खत्म कराना ही इस आंदोलन का मुख्य लक्ष्य है। इस दौरान जिले भर के शिक्षक नेता और ब्लॉक पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बैठक का संचालन जिला मंत्री मुकेश चौधरी ने किया। अब निगाहें 4 अप्रैल पर टिकी हैं, जब हजारों शिक्षक दिल्ली में अपनी आवाज बुलंद कर सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

# नारी सुरक्षा की नब्ज टटोलने पहुंचे न्यायाधीश—वन स्टॉप सेंटर में व्यवस्थाओं पर सख्त नजर

**दैनिक बुलंद मंज़िल/असलम सैफी जिला प्रभारी**



**अमरोहा।** महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ी व्यवस्थाओं को परखने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व न्यायाधीश अभिषेक कुमार व्यास ने वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण कर सिस्टम की हकीकत जानी। बिना पूर्व सूचना पहुंचे न्यायाधीश ने केंद्र की कार्यप्रणाली, सुविधाओं और पीड़ित महिलाओं को मिल रही मदद का बारीकी से आकलन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विधिक सहायता, मनोसामाजिक परामर्श, चिकित्सीय सेवाओं और अस्थायी आश्रय की व्यवस्थाओं को गहराई से परखा। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी पीड़िता को सहायता के लिए इंतजार न करना पड़े—उसे तुरंत, संवेदनशील और गुणवत्तापूर्ण मदद मिलनी चाहिए। साथ ही उन्होंने गोपनीयता और सम्मान बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

जांच के दौरान रजिस्टरों और अभिलेखों की स्थिति भी खंगाली गई। कुछ जगह रिकॉर्ड में अव्यवस्था मिलने पर उन्होंने स्टाफ को फटकार लगाते हुए सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पारदर्शिता और जवाबदेही ही ऐसी सेवाओं की रीढ़ है, जिससे पीड़ित महिलाओं को न्याय पाने में कोई बाधा न आए।

न्यायाधीश व्यास ने यह भी निर्देश दिए कि वन स्टॉप सेंटर सिर्फ मदद का केंद्र न बनकर जागरूकता का माध्यम भी बने। अधिक से अधिक महिलाओं और बालिकाओं तक योजनाओं और अधिकारों की जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया गया। उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सेवाओं को और प्रभावी बनाने की बात कही। निरीक्षण के अंत में केंद्र के स्टाफ ने सभी निर्देशों का पालन करने का भरोसा दिलाया। इस औचक निरीक्षण ने साफ कर दिया कि अब महिला सुरक्षा से जुड़े केंद्रों की कार्यप्रणाली पर सख्त निगरानी रखी जा रही है।

# अमरोहा की कमान बदली: अमित आनंद लखनऊ रवाना, लाखन यादव बने नए कप्तान

**दैनिक बुलंद मंज़िल/असलम सैफी जिला प्रभारी**



लाखन सिंह नवयुक्त पुलिस अधीक्षक अमरोहा

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल के तहत आईपीएस अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं। इसी क्रम में अमरोहा के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद का स्थानांतरण कर उन्हें लखनऊ कमिश्नरेट भेजा गया है। उनके स्थान पर 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी लाखन सिंह यादव को अमरोहा का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। बताया जा रहा है कि लाखन सिंह यादव इससे पहले 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ में सेनानायक के पद पर तैनात थे। अब उन्हें अमरोहा जिले की कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके आगमन से जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की उम्मीद जताई जा रही है।

वहीं, अमित कुमार आनंद के कार्यकाल को अमरोहा में बेहतर कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए जाना जाता है। उन्होंने कई अहम अभियानों के माध्यम से अपराधियों पर शिकंजा कसने का काम किया। अब लखनऊ कमिश्नरेट में उनकी नई तैनाती को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के रूप में देखा जा रहा है। प्रदेश सरकार के इस बड़े प्रशासनिक फेरबदल को आगामी समय में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। अमरोहा में नए पुलिस अधीक्षक के रूप में लाखन सिंह यादव के सामने जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने की चुनौती होगी।

# खाकी का दम खेल मैदान में भी: अमरोहा पुलिस ने जीते कई पदक, बढ़ाया जिले का मान

**दैनिक बुलंद मंज़िल/असलम सैफी जिला प्रभारी**





**अमरोहा।** पुलिस महकमा केवल कानून-व्यवस्था संभालने तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल के मैदान में भी अपनी ताकत का लोहा मनवा रहा है। जनपद बदायूं में 9 से 11 मार्च 2026 तक आयोजित तृतीय अंतरजनपदीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता (कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग एवं आर्म रेसलिंग) में अमरोहा पुलिस के पुरुष एवं महिला आरक्षियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के कुशल निर्देशन में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में कांस्टेबल राहुल ने 82 किलोग्राम ग्रीको-रोमन कुश्ती में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं गौरव सिंह ने 87 किलोग्राम फ्री स्टाइल कुश्ती में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बॉक्सिंग में अंकित कुमार ने 85 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि ललित चौधरी ने 110 किलोग्राम आर्म रेसलिंग में तृतीय स्थान हासिल किया।

महिला वर्ग में कांस्टेबल बबली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 48 किलोग्राम बॉक्सिंग में प्रथम स्थान और 50 किलोग्राम आर्म रेसलिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर दोहरी सफलता अर्जित की। इन उपलब्धियों पर पुलिस अधीक्षक ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक दक्षता को भी सुदृढ़ बनाता है। अमरोहा पुलिस परिवार ने भी सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए गर्व व्यक्त किया है।

CMYK

# अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर बाइक चालक की मौत,सवार घायल

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**सौधंन / आदमपुर।** अपने घर का सपना हर इंसान की जिंदगी का सबसे बड़ा लक्ष्य होता है, लेकिन कभी-कभी किस्मत ऐसा क्रूर खेल खेलती है कि सपने हकीकत बनने से पहले ही टूट जाते हैं। थाना रहरा क्षेत्र के गांव भोगपुरा में ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसने एक परिवार की खुशियों को हमेशा के लिए मातम में बदल दिया।

गांव निवासी 30 वर्षीय जगदेव पुत्र रामगोपाल अपने सपनों का घर बनाने के लिए ईंट लेने संभल जिले के एक भट्ठे पर गए थे। दिनभर की मेहनत और योजनाओं के साथ जब वह अपने पिता के साथ बाइक से


मृतक का फाइल फोटो

घर लौट रहे थे, तभी गांव सौंधन में गैस एजेंसी के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि जगदेव ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनके पिता रामगोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश तेज कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके।

जगदेव की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी शोभा बेसुध है, वहीं दो मासूम बेटे–अंकित (15 वर्ष) और अनुज (10 वर्ष)–अब अपने पिता के साये से वंचित हो गए हैं। जिस घर की नींव रखने की तैयारी थी, अब वहीं मातम का सन्नाटा पसरा है।

घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है।

यह हादसा एक बार फिर साबित करता है कि तेज रफ्तार और लापरवाही भरी ड्राइविंग कितनी खतरनाक साबित हो सकती है। एक पल की चूक न केवल एक जिंदगी छीन लेती है, बल्कि पूरे परिवार के सपनों को भी हमेशा के लिए अधूरा छोड़ जाती है।

# रिजल्ट नहीं, सपनों की उड़ान का जश्न बना सोनल स्टार स्कूल का दिन







**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**ढबारसी।** कस्बे में सोनल स्टार पब्लिक स्कूल में सोमवार का दिन सिर्फ परिणाम वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह विद्यार्थियों के सपनों और मेहनत के जश्न में बदल गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण मौजूदगी ने माहौल को खास बना दिया। प्रधानाचार्य दीपक नागर ने जब बच्चों को रिपोर्ट कार्ड सौंपे, तो उनके चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। इस दौरान मेधावी छात्र आरिस सैफी और अरशद सैफी ने शीर्ष स्थान हासिल कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। दोनों को ट्रॉफी और पदक देकर सम्मानित किया गया, जिससे पूरे विद्यालय में तालियों की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि यहां सिर्फ अंक नहीं, बल्कि बच्चों की मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास को सराहा गया। अभिभावकों और शिक्षकों के बीच हुई बातचीत ने बच्चों की प्रगति को समझने का एक सकारात्मक मंच भी प्रदान किया। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर परिणाम एक नई शुरूआत है, जो आगे बढ़ने का हौसला देता है।

# नलकूप की पुलिया में डूबने से मासूम की मौत, गांव में पसरा मातम

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**सैद नगली।** थाना क्षेत्र के गांव ककरोआ में एक दर्दनाक हादसे में पांच वर्षीय मासूम की डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दक्ष (5 वर्ष) पुत्र सेविन कुमार अपने घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान वह घर में बने नलकूप की पानी से भरी पुलिया में गिर गया। काफी देर तक नजर न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, जिसके बाद उसे पुलिया से


मृतक बच्चे का फाइल फोटो

बाहर निकाला गया। उस समय उसकी हालत गंभीर थी। परिजन आनन-फानन में उसे सैद नगली के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। गांव में हर ओर मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के बच्चे के शव को दफना दिया।

इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और हर कोई मासूम की मौत से स्तब्ध है।

# खेत की रखवाली बनी जानलेवा: सांड के हमले में बुजुर्ग किसान की दर्दनाक मौत

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**रहरा ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां गेहूं की फसल की रखवाली कर रहे 70 वर्षीय किसान की सांड के हमले में मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना रहरा क्षेत्र के गांव ढकिया खादर निवासी इकबाल सिंह को सूचना मिली थी कि छुट्टा पशु उनके गेहूं के खेत में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अपनी मेहनत की फसल को बचाने के लिए वह तुरंत खेत





की ओर रवाना हुए। खेत पर पहुंचते ही एक आक्रामक सांड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, सांड ने उन्हें अपने सींगों पर उठाकर जोर से जमीन पर पटक दिया।

हमले में किसान के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। मौके पर ही इकबाल सिंह ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में खेत पर पहुंच गए, जहां चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि सांड के हमले में किसान की मौत हुई है तथा शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


वहीं, उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक टीम को मौके पर भेज दिया गया है। मामले की रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है और शासन स्तर से मिलने वाली आर्थिक सहायता पीड़ित परिवार को दिलाई जाएगी।

गौरतलब है कि क्षेत्र में छुट्टा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे किसानों की फसल के साथ-साथ उनकी जान भी जोखिम में पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# मां दुर्गा की शोभायात्रा में जयकारों से गूंजा फरिहा

■ **दर्जनों स्थानों पर पुष्प वर्षा कर किया गया स्वागत**

**स्वदेश समाचार ■ फरिहा**


फरिहा में निकलती मां दुर्गा की शोभायात्रा में सम्मिलित झांकी।

कस्बा स्थित प्राचीन माँ काली मंदिर से शनिवार को माँ दुर्गा की भव्य शोभायात्रा का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा और उत्साह के बीच निकली इस शोभायात्रा का शुभारंभ अन्वी ओझा द्वारा विधि-विधान से पूजन व उद्घाटन कर किया गया।

शोभायात्रा माँ काली मंदिर से प्रारंभ होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों, मुख्य चौराहा, थाना परिसर और होली दरवाजा होते हुए कंपू बाजार पहुंची। जहाँ से भ्रमण करते हुए पुनः काली मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान माँ दुर्गा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा में धार्मिक गीतों पर झूमते भक्तों ने क्षेत्र में आस्था की लहर पैदा कर दी।

इस पावन अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष देश दीपक चौहान, आईटी सेल सहसंयोजक अरविंद राघव, विशाल ओझा, मोनू झा, रोमी, अरुण झा,सुरेंद्र सावन झा और कृष्ण कांत झा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन के सफल समापन पर मंदिर समिति ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# कालेश्वर विद्या मंदिर में मेधावियों को किया सम्मानित


कालेश्वर विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित मेधावी विद्यार्थी।

**स्वदेश समाचार ■ फरिहा**

कस्बे के प्रमुख शिक्षण संस्थान श्री कालेश्वर विद्या मंदिर में शनिवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया।

समारोह के दौरान उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रशस्ति पत्र और विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए।

■ **प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने थपथपाई पीठ**

विद्यालय के प्रबंधक कुलदीप यादव और प्रधानाचार्य पार्थ यादव ने संयुक्त रूप से मेधावियों का उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता के पीछे उसकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों का सही मार्गदर्शन और अभिभावकों का निरंतर सहयोग एक त्रिकोण की तरह कार्य करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विद्यालय का लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने भी विद्यार्थियों को अनुशासन और निरंतर अभ्यास का महत्व समझाया। अभिभावकों ने विद्यालय के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और आगे बढ़ने की प्रेरणा जागृत होती है। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।

# ट्रांसफार्मर की चिंगारी से लगी आग में तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख


गेहूं के जले खेत में खड़े ग्रामीण ।

**स्वदेश समाचार ■ टूंडला।**

नगला सिंघी क्षेत्र के गांव रसूलाबाद में रविवार को एक गिलहरी के कारण किसान की करीब तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।खेत के पास लगे ट्रांसफार्मर पर गिलहरी चढ़ने से फाल्ट हुआ और चिंगारी निकलने से खड़ी फसल में आग लग गई।

घटना के समय पीड़िता सौमोती देवी गंगा स्नान के लिए बाहर गई थीं, जबकि उनका बेटा बच्चू सिंह खेत में कटाई कर रहा था।अचानक आग लगने पर उसने शोर मचाया,जिससे आसपास के किसान मौके पर पहुंचे।पानी की व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीणों ने रेत और पत्थरों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पूरी फसल नष्ट हो चुकी थी।सूचना पर बिजली विभाग ने सप्लाई बंद कराई।जेई हरीश सोनी ने विभागीय मदद का आश्वासन दिया है,वहीं लेखपाल ने भी पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाने की बात कही है।किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# परीक्षाफल और मेडल पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे



परीक्षा परिणाम के साथ छात्र-छात्राएं।

**स्वदेश समाचार ■ मैनपुरी।**

■ **सेंट मेरीज केजी सेक्शन का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित**

नगर के कचहरी रोड स्थित सेंट मेरीज स्कूल केजी सेक्शन का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम पाकर छात्र, छात्राओं के चेहरे खिल उठे। बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दीं। विद्यालय प्रबंधक दीपक जी़ दास ने कहा कि शिक्षा वो चाबी है जो बंद दरवाजे खोलती है। शिक्षा वो रोशनी है जो अज्ञानता का अंधेरा मिटाती है। प्रधानाचार्या मनोरमा दास ने कहा कि शिक्षा की जड़ें कड़वी जरूर होती हैं लेकिन शिक्षा के फल मीठे बहुत होते हैं। सभी बच्चों ने अपनी कक्षा में अच्छे अंक पाने के लिए बहुत मेहनत की है। अपनी-अपनी कक्षाओं में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र, छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतियां दीं।इस अवसर पर सहायक निदेशक कुशाग्र दास, केजी सेक्शन इंचार्ज अंजना अधिकारी, अध्यापिका स्वाती श्रीवास्वत, अनुराधा देवी, आराधना पाठक सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूकता


महिलाओं को जागरूक करतीं महिला पुलिस अधिकारी।

**स्वदेश समाचार ■ टूंडला**

मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत रविवार को ग्राम पंचायत सिरोलिया, थाना टूंडला जनपद फिरोजाबाद में पुलिस विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण,सुरक्षा एवं स्वावलंबन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक रुचिका सिंह ने उपस्थित महिलाओं व ग्रामीणों को महिला अपराधों से बचाव तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1930 (साइबर फ्रॉड), 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 108 व 112कृकी जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम के युवाओं,महिलाओं व अन्य ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी समस्याएं भी साझा कीं। इस मौके पर महिला कांस्टेबल उषा,हेड कांस्टेबल निशांत कुमार व कांस्टेबल लवकेश सहित पुलिस टीम उपस्थित रही।

# परियोजनाओं में कार्य की गुणवत्ता पर नहीं दिया जा रहा है ध्यान-डीएम

■ **समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने व्यक्त की नाराजगी**

**स्वदेश समाचार ■ मैनपुरी।**


समीक्षा बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह।

जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ कार्यदायी संस्थाओं की कार्य-प्रणाली के कारण सीएमआईएस पोर्टल पर जनपद की स्थिति ठीक नहीं है, कई परियोजनाएं निर्धारित समयावधि पूर्ण होने के पश्चात भी अभी तक अधूरी हैं। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ परियोजनाओं में कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, निरीक्षण के दौरान कुछ परियोजनाओं में कार्य की गुणवत्ता ठीक नहीं पाई गई है। उन्होंने कार्यदायी संस्था आवास विकास, यूपी सिडको, सीएनडीएस द्वारा कार्यों में विलंब करने, मानकों की अनदेखी करने पर उक्त संस्थाओं के विरुद्ध शासन को पत्र लिखे जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरसी गुप्ता, परियोजना निदेशक डीआरडीए सत्येंद्र सिंह, उप कृषि निदेशक नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अरुण कुमार शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# आत्मरक्षा व फिटनेस पर आयोजित एनएसएस शिविर का समापन





**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद**। दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में चतुर्थ एवं अंतिम एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित कौशल विकास हेतु युवा विषय के अंतर्गत कार्यक्रम को आत्मरक्षा एवं फिटनेस दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम के प्रथम सत्र का शुभारंभ लक्ष्य गीत के साथ हुआ। इसके पश्चात जिम संचालिका अपूर्वा शर्मा ने आत्मरक्षा विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया तथा स्वयं सेविकाओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक गुर सिखाए। उन्होंने कहा कि महिला आत्मरक्षा केवल शारीरिक सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक सशक्तिकरण एवं आत्मविश्वास बढ़ाने का भी सशक्त माध्यम है, जिससे महिलाएं आपात परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा करने में सक्षम बनती हैं द्वितीय सत्र में आत्मरक्षा विषय पर काव्य पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सेविकाओं ने अपनी स्वरचित कविताओं के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया कार्यक्रम में एनएसएस की स्वयं सेविकाओं के साथ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतू सिंह, विदुषी यादव, डॉ. अर्चना राठौर एवं अनीता फर्स्वाण सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। शिविर का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया।

# मुरादाबाद की उद्यमी महिलाओं का संसद भवन दौरा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से हुई मुलाकात



**बुलन्द मंज़िल/आसिम खान**

**मुरादाबाद**। शहर की उद्यमी महिलाओं ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए संसद भवन का भ्रमण किया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को करीब से समझने का अवसर प्राप्त किया। यस वंडर विमेंस संगठन के नेतृत्व में 72 से अधिक महिलाओं का दल पहली बार संसद भवन पहुंचा, जो अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है इस पहल का नेतृत्व संगठन की डायरेक्टर एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने किया। उनके मार्गदर्शन में महिलाओं ने संसद की कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रिया और विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों पर होने वाली चचाओं को नजदीक से देखा। महिलाओं को दर्शक दीर्घा से संसद सत्र सुनने का भी अवसर मिला, जिसे उन्होंने प्रेरणादायक अनुभव बताया दौरे के दौरान महिलाओं की मुलाकात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी हुई। उन्होंने महिलाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है और राष्ट्र निर्माण में उसका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है प्रिया अग्रवाल ने कहा कि यह दौरा महिलाओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद की महिलाएं अब हर क्षेत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज करा रही हैं इस आयोजन को सफल बनाने में ईपीसीएच के अध्यक्ष नीरज खन्ना और राकेश कुमार का विशेष सहयोग रहा। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ इस अवसर पर अवधेश चंद्र अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, रीना मल्होत्रा, रुपाली अग्रवाल, राधिका विच, मीतू खन्ना, सोनिया अग्रवाल, रिचा अग्रवाल, सारिका खंडेलवाल, सोनम अग्रवाल, चेतली गुप्ता, गुंजन गुप्ता, तान्या भाटिया, पूजा अग्रवाल, उदय अग्रवाल, गीतिका अग्रवाल सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं यह दौरा न केवल शहर के लिए गर्व का विषय बना, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण भी साबित हुआ।

# संघर्ष रंग लाया: मुरादाबाद के निकुंज गुप्ता ने UPPSC में 6 वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया मान





**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद**। शहर के एक साधारण परिवार से आने वाले निकुंज गुप्ता ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) की परीक्षा में 6वीं रैंक हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने सब-रजिस्ट्रार पद पर चयन सुनिश्चित किया है। खास बात यह रही कि निकुंज को यह सफलता पांचवें प्रयास में मिली, जिससे उनकी मेहनत और धैर्य की मिसाल सामने आई है निकुंज गुप्ता ने लगातार चार बार असफलता का सामना किया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। हर प्रयास के बाद अपनी कमियों को सुधारते हुए उन्होंने तैयारी को और मजबूत किया और अंततः सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले निकुंज के सामने आर्थिक और संसाधनों की चुनौतियां भी रहीं, लेकिन परिवार के सहयोग और अपने दृढ़ निश्चय के बल पर उन्होंने कठिनाइयों को पार किया। दिल्ली में रहकर उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की और लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखा शैक्षणिक रूप से भी निकुंज शुरू से मेधावी रहे हैं। उन्होंने कॉमर्स, लॉ और इकोनॉमिक्स जैसे विषयों में अध्ययन किया है तथा कंपनी सेक्रेटरी का कोर्स भी निर्धारित समय से पहले पूरा किया। स्काउटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा सम्मानित किया जा चुका है रिजल्ट घोषित होते ही उनके घर में खुशी का माहौल बन गया। परिजनों, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी। हर कोई उनकी सफलता को मेहनत और लगन का परिणाम बता रहा है निकुंज गुप्ता ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर प्रयास, अनुशासन और आत्मविश्वास से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि छोटे शहरों के युवा भी बड़े सपने देख सकते हैं और उन्हें साकार कर सकते हैं।

# भारतीय हिन्दू सरकार संघ की 21 अप्रैल को भव्य पदयात्रा, रामलीला ग्राउंड से मनोनाथधाम तक निकलेगी यात्रा





**बुलन्द मंज़िल/आसिम खान**

**मुरादाबाद**। शहर में धार्मिक एवं सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय हिन्दू सरकार संघ के तत्वावधान में 21 अप्रैल 2026 (मंगलवार) को एक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा सुबह 8 बजे रामलीला ग्राउंड, लाइनपार, मुरादाबाद से प्रारंभ होकर मनोनाथधाम तक जाएगी कार्यक्रम का शुभारंभ कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठा. रामवीर सिंह (एडवोकेट) द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, पदयात्रा का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, धार्मिक जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना है इस आयोजन में संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे। इनमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. बृजेश सिंह, राष्ट्रीय सदस्यता प्रभारी चमनलाल सैनी, प्रदेश संयोजक ठा. संतोष सिंह, जिला अध्यक्ष राम सैनी तथा विधायक प्रतिनिधि ब्रजनंद उर्फ विक्की ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे आयोजकों ने बताया कि पदयात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है पदयात्रा में शामिल होने के इच्छुक व्यक्ति दिए गए संपर्क नंबरों 6396565428 एवं 9639743952 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर से बिजली व्यवस्था में बड़ा बदलाव, उपभोक्ताओं को मिलेगी पारदर्शी बिलिंग और रियल टाइम सुविधा

## ऊर्जा भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस, प्रबंध निदेशक ने दी स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली व लाभों की विस्तृत जानकारी



**बुलन्द मंज़िल आसिम खान**

**मुरादाबाद**। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा ऊर्जा भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। प्रबंध निदेशक श्री रवीश गुप्ता (आईएएस) की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रेस वार्ता में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्मार्ट मीटर से संबंधित विस्तृत पीपीटी प्रस्तुतीकरण किया गया प्रेस वार्ता में बताया गया कि डिजिटल मीटरिंग से उपभोक्ताओं के लिए एक नया बदलाव आएगा, जिससे बिजली व्यवस्था अधिक आधुनिक, पारदर्शी और भरोसेमंद बनेगी। स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ता अपने बिजली उपयोग पर बेहतर नियंत्रण रख सकेंगे और रियल टाइम में खपत की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर प्रणाली में उपभोक्ताओं को पहले से रिचार्ज करना होगा, जिससे वे अपने बजट के अनुसार बिजली खर्च को नियंत्रित कर सकेंगे। साथ ही, उपभोक्ताओं को समय-समय पर एसएमएस अलर्ट की सुविधा भी मिलेगी, जिससे उन्हें बैलेंस और खपत की जानकारी मिलती रहेगी इस नई व्यवस्था में सिक्योरिटी मनी जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी और उपभोक्ता किसी भी समय अपने मोबाइल के माध्यम से बिजली बिल की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। विभाग का लक्ष्य है कि प्रीपेड कनेक्शन को 2 घंटे के भीतर रिस्टोर किया जाए। उपभोक्ताओं को अपना प्रीपेड बैलेंस पॉजिटिव बनाए रखना होगा प्रेस वार्ता में यह भी बताया गया कि स्मार्ट मीटर के जरिए उपभोक्ताओं को पारदर्शी बिलिंग, रियल टाइम निगरानी और समय पर भुगतान करने पर 2 प्रतिशत तक की छूट का लाभ मिलेगा। उपभोक्ता एक ही मोबाइल नंबर से तीन कनेक्शनों को जोड़ सकेंगे, जिससे प्रबंधन और भी आसान हो जाएगा अधिकारियों के अनुसार, विभिन्न जोनों में लाखों उपभोक्ताओं तक स्मार्ट मीटर सुविधा पहुंचाई जा चुकी है। अब तक कुल 14,95,812 स्मार्ट मीटर विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित किए जा चुके हैं प्रबंध निदेशक श्री रवीश गुप्ता ने कहा कि स्मार्ट मीटर प्रणाली से बिजली व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा मिलेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे स्मार्ट मीटर स्थापना में सहयोग करें, जिससे भविष्य में एक स्मार्ट और सुदृढ़ विद्युत व्यवस्था का निर्माण हो सके।

# पहले ही प्रयास में कमाल: मुरादाबाद की दीक्षा अग्रवाल बनीं डिप्टी कलेक्टर, UPPCS में 15 वीं रैंक हासिल



**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPCS) परीक्षा में मुरादाबाद की प्रतिभाशाली बेटी दीक्षा अग्रवाल ने शानदार सफलता हासिल करते हुए 15वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार, बल्कि पूरे शहर में खुशी की लहर दौड़ गई है।

दीक्षा अग्रवाल का चयन डिप्टी कलेक्टर पद के लिए हुआ है, जो कि प्रशासनिक सेवा की एक प्रतिष्ठित जिम्मेदारी मानी जाती है। खास बात यह है कि उन्होंने यह सफलता अपने पहले ही प्रयास में हासिल की है, वह भी बिना किसी कोचिंग के।

साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली दीक्षा ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया। उनकी मां एक शिक्षक हैं, जबकि पिता अपनी शॉप चलाते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद दीक्षा ने आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के बल पर यह उपलब्धि अपने नाम की। दीक्षा की इस सफलता से क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा मिल रही है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक, सुरक्षा व अधिकारों की दी गई जानकारी



**बुलन्द मंज़िल /सलमान यूसुफ**

**मुरादाबाद**। जनपद में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा दल ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं सरकारी सेवाओं के बारे में जानकारी दी अभियान के दौरान महिला एवं बच्चों से संबंधित समस्याओं पर संवाद स्थापित किया गया और घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध सहित महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक किया गया महिला सुरक्षा दल ने बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत के निवारण के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं, जिनमें वीमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), सीएम हेल्पलाइन (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), वन स्टॉप सेंटर (181), साइबर हेल्पलाइन (1930), स्वास्थ्य सेवा (102) एवं एम्बुलेंस सेवा (108) शामिल हैं। साथ ही जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थानों की हेल्प डेस्क तथा राष्ट्रीय व राज्य महिला आयोग की सेवाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई इसके अतिरिक्त, जनपद के सभी थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला एवं चौपाल आयोजित कर छात्राओं व के लिएमहिलाओं को जागरूक किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना है।

# मुरादाबाद में मासूम से दरिंदगी: परचून की दुकान में 4 साल के बच्चे के साथ कुकर्म, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## विरोध करने पर परिवार को दी जान से मारने की धमकी, पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कीं



**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद**। जनपद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के नरखेड़ गांव से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक चार वर्षीय मासूम बच्चे को बहला-फुसलाकर परचून की दुकान में ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया परिजनों के अनुसार, जब बच्चा रोता-बिलखता घर पहुंचा तो उसके कपड़े खून से सने हुए थे, जिसे देखकर परिवार के होश उड़ गए। पूछताछ में मासूम ने पड़ोस में दुकान चलाने वाले फैज अली पर आरोप लगाया पीड़ित के पिता ने बताया कि घटना के समय वह खेत पर काम करने गए थे और घर पर उनकी पत्नी व बेटा मौजूद थे। पत्नी के फोन पर सूचना मिलने के बाद जब वह घर पहुंचे तो बच्चे की हालत गंभीर थी। इसके बाद परिवार आरोपी के घर शिकायत लेकर पहुंचा, लेकिन वह वहां नहीं मिला आरोप है कि बाद में आरोपी ने परिवार को धमकाते हुए चुप रहने को कहा और जान से मारने की धमकी दी। इसके बावजूद पीड़ित पिता अपने बेटे को लेकर मूंढापांडे थाने पहुंचे और लिखित शिकायत दी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी फैज अली सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश और भय का माहौल बना हुआ है।

# ओम इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षाफल घोषित, मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित







**दैनिक बुलंद मंज़िल/ सलीम हैदर**

**कोतवाली देहात।** ओम इंटरनेशनल स्कूल महेश्वरी जट में कक्षा नर्सरी से कक्षा नौ व कक्षा ग्यारहवीं का परीक्षाफल सोमवार को घोषित किया गया। कक्षा के प्रत्येक हाउस में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षाओं में प्रथम स्थान पर विराट , मानवी गार्गी, उमेर ,इनाया, जियान, मेघा ,निकुंज ,आयात, सार्थक फरहान, सागर ,देव ,जीवा, प्रव आरव ,आयशा, हसीर आयुशी, ऑशकार, आतिफा ,पलक, माही, दिव्यांगना, शिद्रा द्वितीय स्थान पर निशिका, चेरी ,वृद्धि प्रिंस, गौरी,अंशी रोहिणी ,मनस्वी, सद्र, शिवन्या हर्षिका, माही, राघव, मोक्ष दिव्यांशी ,युवराज, कार्तिक पुष्पमजंरिका, अक्षी ,हर्ष तनिष्का तृतीय स्थान पर तैमूर अर्श, शुभ ,देव ,हर्षिका, अवनी प्राणिका, इजयिना, काव्या, मसीरा, खुशनुमा, आयुष,सुनैना सक्षम, जाहवी ,नैनिका मौ०अल्तमस रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सरजीत सिंह ने कहा कि परीक्षा फल छात्र छात्राओं के पूरे वर्ष की मेहनत करने का परिणाम है। इसमें अभिभावकों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। प्रधानाचार्य जी ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय आपके बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व सुरक्षा प्रदान करता है।प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में सभी शिक्षक गणों का सहयोग रहा।

# पुलिस चौकी पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का धरना, राकेश टिकैत की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन



**दैनिक बुलंद मंज़िल/ सलीम हैदर**

**बरूकी/बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की उड़ीसा पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को बरूकी क्षेत्र स्थित चामुंडा देवी पुलिस चौकी पर किसानों का आक्रोश देखने को मिला। बड़ी संख्या में किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन करते हुए चौकी परिसर में एकत्रित हो गए और गिरफ्तारी को अन्यायपूर्ण बताते हुए कड़ी निंदा की।धरने का नेतृत्व संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज को दबाने का प्रयास किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के इशारे पर किसान नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है, जिससे किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है।

धरने में मौजूद कार्यकताओं ने एक स्वर में मांग की कि राकेश टिकैत को तत्काल रिहा किया जाए, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

धरना स्थल पर तिलकराम खोबे, कर्मेंद्र सिंह, चमन सिंह, हेमराज सिंह, वरुण सिंह, बनवारी लाल, मुकेश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे। सभी ने नारेबाजी करते हुए किसान एकता का संदेश दिया और अपने नेता के समर्थन में आवाज बुलंद की। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा और स्थिति पर नजर बनाए रखी। हालांकि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। किसान नेताओं ने अंत में प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भेजने की भी बात कही, जिसमें गिरफ्तारी की निष्पक्ष जांच और जल्द रिहाई की मांग की गई है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में बेहतर कार्य पर बीएलओ को डीएम ने किया सम्मानित






**दैनिक बुलंद मंज़िल/ मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आठ बूथ लेवल अधिकारियों (इछड) को जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा प्रोत्साहन राशि के चेक प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में आयोजित किया गया।जिलाधिकारी ने बताया कि जिन बीएलओ ने ई-बीएलओ ऐप के माध्यम से 50 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं की एंट्री की, उन्हें इस प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी बीएलओ के श्रमसाध्य एवं दक्षतापूर्ण कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी निष्पक्षता, निष्ठा और समयबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर कुल 39,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई। प्रोत्साहन प्राप्त करने वाले बीएलओ में रोहित कुमार डवास, अक्षय कुमार बालियान, नावेद हसन, चंचल, दिलपाक, नईम अहमद और राकेश कुमार शामिल रहे।कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र व स्मार्टफोन वितरित, बाल विकास परियोजना कार्यालय का हुआ शिलान्यास





**बुलंद मंज़िल/ प्रभारी मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर।** जनपद में आज महिला एवं बाल विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जसजीत कौर (जिलाधिकारी) एवं भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई।कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, जिससे उन्हें आधिकारिक रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके साथ ही कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन भी वितरित किए गए, जो सरकार की डिजिटल सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कदम है। इन स्मार्टफोनों के माध्यम से कार्यकत्रियां अब पोषण ट्रैकिंग, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों का बेहतर प्रबंधन कर सकेंगी।इस अवसर पर बाल विकास परियोजना कार्यालय का विधिवत शिलान्यास भी किया गया। यह कार्यालय क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास योजनाओं के सुचारू संचालन में सहायक सिद्ध होगा तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को नई दिशा प्रदान करेगा।कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सजीव प्रसारण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं महिला सशक्तिकरण के प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अपने संबोधन में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां समाज के सबसे महत्वपूर्ण वर्ग–महिलाओं और बच्चों–के स्वास्थ्य एवं पोषण की रीढ़ हैं। उन्होंने सभी कार्यकत्रियों से अपेक्षा की कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करें। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये पहलें ग्रामीण स्तर तक विकास को पहुंचाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं।कार्यक्रम में संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# निपुण विद्यालय के शिक्षकों को सीडीओ द्वारा प्रदान किए प्रमाण पत्र



**दैनिक बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर।** निपुण भारत अभियान के तहत जनपद के निपुण विद्यालयों का सम्मान समारोह कृष्णा फार्म बिजनौर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने संयुक्त रूप से निपुण विद्यालय के शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी रण विजय सिंह ने जनपद के 813 विद्यालय के शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ है उसे ज्ञानवान होने के साथ-साथ दक्ष भी होना चाहिए ताकि ज्ञान को सही तरीके से देशवासियों में स्थानांतरित कर विकसित भारत बनाने में योगदान दिया जा सके। उन्होंने सभी को निपुण विद्यालय बनाने के लिए बधाई दी।उससे पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने बताया कि सभी शिक्षकों के सहयोग से जनपद का निपुण विद्यालयों के अनुसार प्रदेश में पांचवा स्थान है। यह उपलब्धि उन्होंने शिक्षकों को समर्पित करते हुए आह्वान किया कि जनपद को प्रथम स्थान पर लाना है। कार्यक्रम में एसआरजी दुष्यंत कुमार, आकाश अग्रवाल, अरुण जिंघाला ने भी विद्यालय में चल रही विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए विभिन्न समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया। कस्तूरबा गांधी विद्यालय धर्मनगरी की छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुलशन गुप्ता ने किया।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय चरन सिंह, खान शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार जिला समन्वयक अनुज कुमार शर्मा, रजत रस्तोगी, चितरंजन, सत्यम भारद्वाज का विशेष सहयोग रहा।

# ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित




**दैनिक बुलंद मंजिल /ब्यूरो चीफ बिजनौर**

**चांदपुर।** नगर के मोहल्ला पतियापाड़ा स्थित ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में खुशी और उल्लास का माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। विद्यालय के विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर तालियों की गूंज के बीच उन्हें पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान रिपोर्ट कार्ड वितरण के साथ विद्यार्थियों को टॉफियां भी बांटी गईं, जिससे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रधानाचार्य शाइस्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनकी सफलता पर बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह लगन और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद शारिक ने कहा कि सफलता का मूल मंत्र निरंतर प्रयास और अनुशासन है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की सलाह दी। वहीं स्कूल के अध्यक्ष नासिर हसन ने भी सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में निरंतर प्रगति करने का संदेश दिया। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत संतोषजनक रहा, जिसमें कई विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य–नासिर हुसैन, मोहम्मद शारिक, शाइस्ता, काशिफ, इफ्तेशान, चितवन, महक, उजमा, शाहवेज, इशिका और जावेरीया का विशेष योगदान रहा।

# सीएचसी स्योहारा में एलएचवी उमा देवी को दी गई भावभीनी विदाई



**दैनिक बुलंद मंज़िल/ मौहम्मद फैजान**

**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्योहारा में तैनात एलएचवी उमा देवी के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीएचसी के समस्त स्टाफ ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि श्रीमती उमा देवी ने अपने सेवा काल में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य किया। उन्होंने न केवल राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम बल्कि अन्य सभी स्वास्थ्य योजनाओं में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बताया गया कि श्रीमती उमा देवी ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1999 में संविदा पर की थी और विभिन्न उपकेंद्रों–गलाखेड़ी, रवाना शिकारपुर आदि में सेवाएं देने के बाद वर्ष 2006 में स्थायी नियुक्ति पाकर बिशनपुरा उपकेंद्र में कार्यरत रहीं। हाल ही में उन्हें पदोन्नति देकर एलएचवी बनाया गया था। उन्होंने लगभग 20 वर्ष 3 माह तक स्वास्थ्य विभाग को अपनी सेवाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह, शॉल, वस्त्र, रामायण की पुस्तक तथा सोने का लॉकेट भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एएनएम संघ की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवी, एआरओ आलोक कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, वीर सिंह, प्रदीप रावत, बीपीएम शालिनी बिश्नोई सहित समस्त स्टाफ, एएनएम, आशा संगिनी आदि उपस्थित रहे।समारोह के पश्चात श्रीमती उमा देवी द्वारा नूरपुर स्थित राधा-कृष्ण मंडप में सभी के लिए भोज की भी व्यवस्था की गई, जिसमें सभी कर्मचारियों ने सहभागिता की।

# 88 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र तथा 21 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को किए गए स्मार्टफोन वितरण






**दैनिक बुलंद मंजिल/उपेंद्र सिंह नजीबाबाद** ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल जी की अध्यक्षता एवं खण्ड विकास अधिकारी दीपक तेवतिया व जुगनेश चौधरी की उपस्थिति में आज पूर्वाह्न 11:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका नियुक्ति पत्र वितरण, स्मार्टफोन वितरण, बाल विकास परियोजना कार्यालय का शिलान्यास व आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ तथा लोक भवन सभागार लखनऊ से माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण का आयोजन भी किया गया। तपराज सिंह देशवाल,जुगनेश चौधरी एवम खण्ड विकास अधिकारी दीपक तेवतिया ने साक्षर भारत, सशक्त भारत के अंतर्गत आज जनपद की आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र तथा मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन का वितरित किया गया। तपराज सिंह ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहायिकाओं को शुभकामना दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह नौकरी आपके लिए एक महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसकी उपयोगिता देश सेवा से लेकर छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को पोषण देने का कार्य आप द्वारा किया जाता है, आपके कंधे पर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है इसलिए आपको अपने दायित्व का निर्वहन उचित प्रकार करना है क्योंकि यह देश के विकास के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होनें कहा कि इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से सुपोषण, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। उक्त प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी तरह से ऑनलाइन और योग्यता-आधारित रही है।जुगनेश चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि अपने दायित्व को समझें और पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कुपोषण को दूर करने की जिम्मेदारी को पूरा करें। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन उपलब्ध कराने का मुख्य उद्देश्य आधुनिक संचार सुविधाओं से लेस करते हुए कुपोषण को रोकना और देश के बच्चों को स्वस्थ और शिक्षित बनाना है। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी सहित सुपरवाईजर्स, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# सीडीओ रणविजय सिंह ने किया ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण



**दैनिक बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान**

**नहटौर।** मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने कहा कि मनरेगा के चल रहे विकास कार्यों का सत्यापन सेक्टर प्रभारी के द्वारा होगा। कार्यों में लापरवाही या कमी मिलने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने क्षेत्र पंचायत के अंतर्गत हुए कार्यों के बारे में जानकारी ली। शनिवार को नहटौर स्थित ब्लॉक कार्यालय पर सीडीओ रणविजय सिंह ने संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्र पंचायत निधि से होने वाले कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण आजीविका मिशन में संचालित स्वयं सहायता समूह की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देश जारी किये। ब्लॉक परिसर में आयोजित संचालित निर्माण कार्यों को भी देखा।

उन्होंने कार्यालय की लकड़ी की अलमारियों को बदलने के निर्देश दिये। इस अवसर पंकज कुमार सिद्धार्थ एपीओ मनरेगा, बीडीओ प्रताप सिंह, एडीओ दीनदयाल आदि उपस्थित रहें।

# एनुअल डे कार्यक्रम में प्रतिभाओं का सम्मान, छात्रों को किया प्रोत्साहित

## बच्चे हैं देश का भविष्य: चेयरमैन खुशीद मंसूरी



**दैनिक बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान**

**साहनपुर।** साहनपुर के एक स्कूल में आयोजित एनुअल डे कार्यक्रम में चेयरमैन खुशीद मंसूरी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया।कार्यक्रम के दौरान प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन खुशीद मंसूरी ने स्कूल प्रबंधक सुनील, समस्त स्टाफ और सभी बच्चों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन खुशीद मंसूरी के साथ आशुतोष अग्रवाल, मकबूल अहमद, अहसान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।इस दौरान चेयरमैन खुशीद मंसूरी ने कहा कि यदि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाए, तो वे देश की तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं और उनका उज्ज्वल भविष्य ही समाज और देश की प्रगति की असली पहचान है।

# शुगर मिल में प्लास्टिक जलाने पर रोक की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन



**दैनिक बुलंद मंजिल/गुलफाम राजा**

**नूरपुर।** समाजवादी आंदोलन पार्टी के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर चांगीपुर स्थित बिन्दल शुगर मिल में कूड़ा, कचरा, पन्नी व प्लास्टिक जलाए जाने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।ज्ञापन में बताया गया कि शुगर मिल में प्लास्टिक व अन्य कचरे को जलाने से निकलने वाला धुआं और राख क्षेत्र में गंभीर वायु प्रदूषण फैला रहे हैं। इसका असर आसपास के घरों, अस्पतालों, विद्यालयों और धर्मस्थलों पर पड़ रहा है, जहां छतों व अंदरूनी हिस्सों में राख जमा हो रही है। इससे लोगों में संक्रमण व बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि उन्हें रोजाना तीन से चार बार अपने घरों की सफाई करनी पड़ रही है। इस संबंध में कई बार मिल प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।पार्टी नेताओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि शुगर मिल में कूड़ा, कचरा, पन्नी व प्लास्टिक जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को प्रदूषण से राहत मिल सके।इस दौरान अकबर अली (राष्ट्रीय अध्यक्ष), सरदार धनभाग सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक), धर्मवीर सिंह दिवाकर (राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी समाज), नवाब मलिक (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष), डॉ. वसीम सिद्दीकी (युवा प्रदेश अध्यक्ष), नौशाद सैफी (राष्ट्रीय सचिव), मुस्तफा इदरीसी (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य) और मुकुल चौधरी (जिला अध्यक्ष बिजनौर) सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ को भी भेजी गई है।

# सम्मान के तोहफे से नवाजी गई डीएमसी रविता राठी

## चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी में रविता राठी ने बढ़ा दिया बिजनौर जिले का कद



**दैनिक बुलंद मंजिल ब्यूरो चीफ बिजनौर**

**बिजनौर।** मेरठ की प्रसिद्ध एवंम प्राचीन शिक्षा का मंदिर चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के अटल सभागार में बिजनौर जिले में हर समय अपने सराहनीय कार्यों को लेकर चचाओं में रहने वाली डीएमसी रविता राठी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पगड़ी पहनाकर सम्मान का प्रतीक व सम्मान पत्र देकर उन्हें सम्मान के तोहफे से नवाजा गया। रविता राठी को यह सम्मान पहले भी कई बार कई मौकों पर और कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा मिल चुका है

बताया जाता है कि बिजनौर ज़िले में रविता राठी पिछले कई वर्षों से महिला कल्याण विभाग में डीएमसी के पद पर तैनात है जो लगातार सोशल मीडिया के जरिए व गांव गांव जाकर महिलाओं तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने के कार्य में हर समय चर्चाओ में बनी रहती है। जिसका संज्ञान जनहित फाउंडेशन व चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, रेड क्रॉस सोसाइटी, सिटी हलचल के द्वारा लिया गया और उनको उत्कृष्ट कार्य के लिए संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया , रविता राठी ने बताया कि इस सम्मान का श्रेय वह बिजनौर वासियों और अपने परिवार व सोशल मीडिया परिवार को देती है। जिस की बदौलत उन्हें समय-समय पर सम्मान के तोहफे से नवाजा जा रहा है। आपके यहां यह भी बताते चले की मेरठ में मिले सम्मान से डीएमसी रविता राठी ने बिजनौर जिले का कद बढ़ा दिया है। जो बिजनौर के इतिहास में लिखा जाएगां।

# अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज



**दैनिक बुलंद मंजिल गुलफाम राजा**

**नूरपुर।** नगर क्षेत्र में अपराध की रोकथाम तथा अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नूरपुर पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, दिनांक 30 मार्च 2026 को थाना नूरपुर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए नीशू पुत्र उमेश कुमार निवासी ग्राम गौहावर जैत, थाना नूरपुर, जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ। इस संबंध में थाना नूरपुर शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम नीशू पुत्र उमेश कुमार, निवासी ग्राम गौहावर जैत, थाना नूरपुर,एक अवैध तमंचा 315 बोर।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक अमूल मिश्रा कांस्टेबल गौरव कुमार कांस्टेबल विकास कुमार कांस्टेबल सुमित कुमार पुलिस ने बताया कि अवैध शस्त्रों के खिलाफ अभियान लगातार जारी।

# प्राथमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत, मेधावियों को किया सम्मानित



**दैनिक बुलंद मंजिल/यासिर शम्सी**

**नगीना।** नगीना स्थित प्राथमिक विद्यालय विश्नोई सराय द्वितीय में सत्र 2025 26 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया।विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मनीष राणा ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक ने बच्चों से नियमित रूप से यूनिफॉर्म में विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया।उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।मेधावी बच्चों को पुरस्कार मिलने पर उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।साथ ही अन्य सभी विद्यार्थियों को भी सांत्वना पुरस्कार व गिफ्ट वितरित किए गए।परीक्षा परिणाम के अनुसार कक्षा 1 में शिफा परवीन प्रथम,इनाया द्वितीय एवं जैनब तृतीय स्थान पर रहीं।कक्षा 2 में नमरा परवीन व रहमाना संयुक्त रूप से प्रथम,अशहर द्वितीय तथा मयंक तृतीय रहे।कक्षा 3 में आयुष प्रथम, आलीशान द्वितीय एवं मंजिया तृतीय स्थान पर रहे।कक्षा 4 में जकिया परवीन प्रथम,फैसल द्वितीय तथा शादमान अंसारी तृतीय स्थान पर रहे।वहीं कक्षा 5 में जोया प्रथम,अश्मीरा परवीन द्वितीय एवं मोहम्मद बिलाल तृतीय स्थान पर रहे।विद्यालय परिवार द्वारा सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**दैनिक बुलंद मंजिल /यासिर शम्सी**

**कोतवाली देहात।** अपराध की रोकथाम और अवैध शस्त्रों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को थाना कोतवाली देहात पुलिस को बड़ी सफलता मिली।पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी दीक्षित कुमार पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ग्राम भवनपुर कलां उर्फ भीमपुरा के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

# मारपीट व धमकी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, डंडा बरामद



**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी**

**बिजनौर /मंडावर ।** थाना क्षेत्र के ग्राम रामसहायवाला में मारपीट और जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।बताया गया कि करीब दस दिन पूर्व गांव निवासी ओमप्रकाश पुत्र कबूल सिंह ने थाना मंडावर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही कुछ लोगों ने उनके परिजनों के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।सोमवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले से संबंधित आरोपी राजेश पुत्र दिला और बब्लू उर्फ नान पुत्र बाबूराम को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक डंडा भी बरामद किया है।पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# पीसीएस में 104 वीं रैंक लाकर रीता यादव ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**दैनिक बुलंद मंजिल/गुलफाम राजा**

**नूरपुर।** क्षेत्र के निकटवर्ती गांव मंगोलपुरा (राजा का ताजपुर) निवासी लुकमान यादव की पुत्री रीता यादव ने पीसीएस परीक्षा में 104वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है।रीता यादव की इस उपलब्धि पर गांव में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया और कहा कि रीता की मेहनत व लगन अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव दिग्विजय सिंह यादव, सतवीर सिंह यादव, कोमल यादव, आरती यादव, पवन सिंह, सुषमा रानी, कविता सहित कई गणमान्य लोग उनके घर पहुंचे और रीता यादव को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नूरपुर के गुरचरण सिंह बने इंग्लिश स्कॉलर्स एसोसिएशन के प्रांतीय मंत्री



**दैनिक बुलंद मंजिल/गुलफाम राजा**

**नूरपुर।** इंग्लिश स्कॉलर्स एसोसिएशन की आयोजित बैठक में संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें नूरपुर के सरदार गुरचरण सिंह को प्रांतीय मंत्री मनोनीत किया गया।यह बैठक बिजनौर के आरजेपी इंटर कॉलेज में आयोजित हुई, जहां कोर कमेटी व मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान संगठन के संस्थापक डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी को प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया।गौरतलब है कि गुरचरण सिंह खालसा इंटर कॉलेज नूरपुर में अंग्रेजी के प्रवक्ता हैं। उनके मनोनयन पर शिक्षकों व क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है।

# बसपा के विधानसभा प्रभारी नरेंद्र कुमार रवि की पुत्री अदिति व अरनाम अपनी कक्षाओं में आए प्रथम





**दैनिक बुलंद मंजिल ब्यूरो चीफ बिजनौर**

**बिजनौर /नजीबाबाद।** 30 मार्च नजीबाबाद-बसपा के विधानसभा प्रभारी नरेंद्र कुमार रवि की पुत्री अदिति पांचवी कक्षा में आए प्रथम और पुत्र अर्णव कुमार तीसरी कक्षा में आए प्रथम` मौ0 रम्पुर निवासी नरेंद्र कुमार रवि की पुत्री अदिति एम0 डी0 के0 वि0 इण्टर कालेज की कक्षा -5 की छात्रा थीं` सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा में प्राप्तांक 1100 में से 1014 अंको के साथ 92 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्है उपहार भी दिया ` उन्होंने नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा में जिले में आठवें स्थान प्राप्त किया`एम0 डी0 के0 वी0 इण्टर कालेज की सुनीता चौधरी शबनम बीना आदि ने बधाई दी`नरेंद्र कुमार रवि के पुत्र अरनव कुमार मूर्ति देवी सरस्वती बाल मंदिर में कक्षा -3 के छात्र थे, सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा फल में 1200 प्राप्तांक में से 1141 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कियो अरनव कुमार कक्षा 1 से प्रथम स्थान बनाए हुए हैं और स्कूल की प्रधानाचार्या अरुणा कौशिक व प्रबंधक डा0 अतुल सैक्सेना व नीरज जैन ने उपहार व प्रशस्ति पत्र व 4400 रु0 का चेक भी दिया गया`

इस अवसर चित्रा राकेश, नरेंद्र कुमार रवि अदिति नीरज जैन सुषमा जैन, रितु महिंद्रा हिमानी नताशा आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल से गांव तक मिशन शक्ति 5.0 की दस्तक

## हीमपुर दीपा पुलिस ने महिलाओं-बालिकाओं को किया सशक्त, साइबर अपराध पर दी सख्त चेतावनी






**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर/हीमपुर दीपा ।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत थाना हीमपुर दीपा पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों और विद्यालयों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। ग्राम उलेढा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल एवं हीमपुर दीपा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान के दौरान महिला हेड कांस्टेबल संगीता, महिला कांस्टेबल रेनू राठी और कांस्टेबल अजय ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए बड़ी संख्या में महिलाओं और छात्राओं को एकत्रित किया। पुलिस टीम ने उन्हें घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और सामाजिक उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया और स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की घटना को नजरअंदाज करना समाधान नहीं है। कार्यक्रम में साइबर अपराध को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्राओं और महिलाओं को मोबाइल फोन के दुरुपयोग, सोशल मीडिया पर होने वाले अपराध, अश्लील संदेश, फर्जी कॉल, ऑनलाइन ठगी और फिशिंग जैसे मामलों से बचने के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि साइबर अपराध होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराना क्यों जरूरी है और इसके लिए किन माध्यमों का उपयोग किया जा सकता है। पुलिस टीम ने महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दीः

181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 102 (स्वास्थ्य सेवा), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन)। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की समस्याएं भी सुनी गईं और उन्हें भरोसा दिलाया गया कि पुलिस हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी देकर महिलाओं को उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। हीमपुर दीपा पुलिस का यह अभियान न केवल जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं के आत्मविश्वास को भी मजबूती दे रहा है।

# शोक की लहर फैजगंज बेहटा के आरक्षी विजन कुमार का निधन, क्षेत्र में गमगीन माहौल

## बीमारी से जूझ रहे थे जांबाज सिपाही, मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते थे पीआरबी पर तैनात विजन

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**बिसौली** : थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में डायल 112 (पीआरबी) पर तैनात आरक्षी विजन कुमार जिला संभल चंदौसी में अपने परिवार के साथ रहते थे सोमवार को गंभीर बीमारी के चलते निधन हो गया। पिछले कई दिनों से वे अस्वस्थ चल रहे थे और मौत से जंग लड़ रहे थे, लेकिन सोमवार को उनके चले जाने की खबर जैसे ही क्षेत्र में फैली, हर कोई स्तब्ध रह गया। उनकी असामयिक मृत्यु से पुलिस विभाग और स्थानीय ग्रामीणों में शोक की लहर है। कर्तव्यनिष्ठ और व्यवहारिक थे विजन सिंह



?ओरछी चौराहे और आसपास के ग्रामीण अंचलों में पीआरबी पर ड्यूटी के दौरान विजन कुमार अपनी कार्यकुशलता के साथ-साथ अपने मृदुभाषी और मिलनसार व्यवहार के लिए काफी लोकप्रिय थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे केवल एक पुलिसकर्मी ही नहीं, बल्कि आम जनता के सुख-दुख के साथी भी थे। यही कारण है कि उनकी मौत की खबर सुनकर क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और व्यापारियों की आंखें नम हो गईं।??विजन कुमार के निधन पर थाना फैजगंज बेहटा के साथी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। साथी जवानों ने उन्हें एक अनुशासित और कर्तव्यपरायण साथी बताया, जिसकी कमी विभाग को हमेशा खलेगी। सोमवार को उनकी मृत्यु की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में शोक छा गया और सभी ने उनके प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।

# लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ परीक्षाफल एवम पुरुस्कार वितरण समारोह

**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**

**चन्दौसी।** महाजन मोहल्ला चन्दौसी स्थित लाला सोहन लाल सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल में प्रतिभाशाली भैया-बहनों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कामिनी वार्ष्णेय,विद्यालय के व्यवस्थापक कुलदीप वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष डॉ टीएस पाल,पूर्व पालिकाध्यक्ष इंदू रानी ने संयुक्त रूप से भारतमाता एवम माँ सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवम पुष्पार्चन के साथ किया।सरस्वती वंदना रोही,रिया ,पाखी ने प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह राजपूत ने अतिथियों




का परिचय कराते हुए विद्यालय में चल रही शैक्षिक गतिविधियों के विषय में विस्तार से बताया। विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिशु वर्ग में कक्षा उदय के ओम कश्यप, बाल वर्ग में कक्षा षष्ठम के गोविंद रस्तोगी तथा संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शिशु वर्ग से कक्षा तृतीय के सक्षम दुबे एवं कक्षा षष्ठम नव्या अग्रवाल सर्वश्रेष्ठ रही साथ ही बस्ता प्रतियोगिता,वेश प्रतियोगिता एवम हिंदी सुलेख प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया।संरक्षक आमोद वार्ष्णेय, आईपीएस चौहान,हरनाम सिंह, लालाराम दिवाकर ने सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को प्रमाण पत्र के साथ मेडल एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किये।प्रबन्ध समिति के कोषाध्यक्ष डॉ टीएस पाल ने कहा कि परीक्षा के परिणाम केवल अंकों की संख्या नहीं हैं, वे जीवन का एक छोटा सा पड़ाव हैं। यदि आपके अंक उम्मीद से कम हैं, तो भी निराश न हों। परीक्षा का मतलब केवल पास या फेल होना नहीं, बल्कि उससे सीखना है।सफलता और असफलता तो जीवन का हिस्सा हैं। हार तब नहीं होती जब हम परीक्षा में कम अंक लाते हैं, हार तब होती है जब हम कोशिश करना छोड़ देते हैं। यदि आज आप सफल नहीं हुए, तो यह अगली बार और बेहतर करने का एक नया अवसर है।बच्चों ने मनमोहक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन आचार्य राजवीर सिंह ने किया। इस दौरान राजेश कुमार शर्मा, आनंदपाल सिंह,रुचि अग्रवाल,ईशु वार्ष्णेय, श्रुति अग्रवाल, वंशिका वार्ष्णेय, अंजना वार्ष्णेय,अभिलाष यादव,गौरव वार्ष्णेय, राशि अग्रवाल, दीप्ति वार्ष्णेय, अविनाश गुप्ता,आरती,शालिनी दीक्षित,शिवानी यादव,कल्पना अग्रवाल,सोनिका शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# किसान की बेटी ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर 13वीं रैंक की हासिल

## गांव एवं परिवार में खुशी का माहौल बधाई देने वालों का लगा तांता

**भूरे सिंह यादव/बुलंद मंज़िल**

**संभल/सौंधन'**संभल तहसील क्षेत्र के मोहम्मदपुर भंडा के किसान साहब सिंह खारी की बेटी दीप शिखा ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की है ' उनका चयन 13वीं रैंक के साथ वर्क ऑफिसर के पद पर हुआ है ' जिससे गांव एवं परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है ' बताया गया है की दीप शिखा ने यह सफलता पहले ही प्रयास में हासिल की है ' दीप शिखा ने अपने चाचा







के आवास पर रहकर सेल्फ स्टडी के माध्यम से तैयारी की उनकी इस उपलब्धि पर सोशल मीडिया से लेकर व्यक्तिगत रूप से बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है ' जिससे गांव एवं परिवार में खुशी का ठिकाना नहीं रहा । दीप शिखा की शैक्षिक यात्रा प्रभाव शाली रही है ' उन्होंने इंटर की पढ़ाई नवोदय विद्यालय अपमरोह से पूरी की इसके बाद हिंदू इंटर कॉलेज मुरादाबाद से ग्रेजुएशन और के .जी .के कॉलेज मुरादाबाद से पोस्ट ग्रेजुएशन किया ' और एम.एम .एच कॉलेज गाजियाबाद और चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी से जे.आर.एफ और पीएचडी भी की है ' दीप शिखा का सबसे पहले जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ था जो गांव में पहला मामला था ' दीप शिखा ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता चाचा परिवार एवं गुरुजनों को दिया है ' उनकी यह सफलता गांव के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बनी है ' माता पिता चाचा परिवार एवं गांव वाले बेटी की उपलब्धि पर फुले नहीं समा रहे हैं '

# कोटेदार की दुकान निलंबित, जांच में मिली अनियमितताएं

**दैनिक बुलन्द मंज़िल / अजयपाल यादव**

**बदायूँ** में उचित दर विक्रेता की दुकान पर हुई जांच में अनियमितताएं मिलने के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर मिली शिकायत के आधार पर पूर्ति निरीक्षक ने जांच की जिसमें गड़बड़ियां सामने आने पर दुकान को निलंबित कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के कोटेदारों में हड़कंप मच गया है।सहसवान तहसील के दहगवां ब्लॉक स्थित ग्राम मालपुर ततेरा में उचित दर विक्रेता के खिलाफ





शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के बाद पूर्ति निरीक्षक दहगवां साहब लाल यादव मौके पर जांच करने पहुंचे।जांच के दौरान दुकान के संचालन में कई अनियमितताएं पाई गईं शिकायत सही पाए जाने पर विभाग ने तत्काल प्रभाव से उचित दर विक्रेता की दुकान को निलंबित कर दिया। प्रशासन ने ग्राम पंचायत मालपुर ततेरा के कार्डधारकों को राशन वितरण में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए अस्थायी रूप से इस उचित दर दुकान को पड़ोसी ग्राम कुवरपुर चंदन की दुकान से सम्बद्ध कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य कोटेदारों में भी हड़कंप मच गया है और विभाग द्वारा आगे भी जांच अभियान चलाए जाने की संभावना जताई जा रही है।

# ट्रक की टक्कर से महिला की हुई मौत



मृतक महिला का फाइल फोटो



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**जुनावई** क्षेत्र के बदायूं मेरठ हाईवे पर गांव बैरपुर के पास सड़क पार करते समय महिला को ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें वह पूरी तरह से घायल हो गई घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई पर ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों द्वारा महत्व घोषित कर दिया सूचना पाते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई पोस्टमार्टम करने की तैयारी में जुट गई जुनावई थाना क्षेत्र के घोंसली राजा गांव 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला रामवती पत्नी लीलाधर किसी कार्य से बैरपुर गई थी वह सड़क पार करते समय ट्रक की टक्कर से बुरी तरह घायल हो गई उपस्थित लोगों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई पर भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया वहीं सूचना पाकर पर जन्म भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई वही पुलिस शव की पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की तैयारी में जुटी हुई है।

# 9 मई को हाथरस में होगा महाराणा प्रताप की जयंती का भव्य आयोजन, पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

**अनिल चौधरी, बुलंद मंजिल**

**हाथरस** के मथुरा रोड स्थित स्वदेशी हिन्द पार्टी के मुख्य कार्यालय पर 9 मई 2026 को हिन्दू हृदय सम्राट श्री महाराणा प्रताप जी की जयंती के शुभ अवसर पर जनपद हाथरस में निकाले जाने वाली शोभायात्रा के लिए चुने गये अध्यक्ष अनिल सिसोदिय, संयोजक संदीप सिसोदिया और सहसंयोजक सुरेन्द्र सिंह पौरुष, नरेश प्रधान, छोटू राणा, मधुर प्रताप, भानुप्रताप सिंह अंशू चौहान, मोहित चौहान, शिवम भदौरिया का पगड़ी व पटका और



फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वदेशी हिन्द पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मतेंद्र गहलोत ने शोभायात्रा के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज को एक जुट होकर अपनी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने समाज की एकता पर जोर देते हुए सभी से सहयोग की अपील की। यह शोभायात्रा आगमी 9 मई को गौशाला रोड स्थित तुलसी भवन से शुरू होकर दाऊजी महाराज मंदिर पर समापन होगी। स्वागत समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अवनीश वशिष्ठ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामगोपाल दीक्षित, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वदेशी हिन्द पार्टी एवं जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रहलाद सिंह सिसोदिया, राष्ट्रीय महामंत्री हरेन्द्र सिंह सिसोदिया, पूर्वांचल प्रभारी जयप्रकाश तिवारी, प्रदेश महासचिव अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा योगेंद्र सिंह गहलौत, भाजपा जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भीकम सिंह चौहान, मदन बाबा, पवन गहलौत, विक्की ठाकुर, महेश चन्द्र, अभय कुमार सिंह, किशन राठौर, बिट्टू भाई, दीपक पौरुष, उदय राणा, मोना ठाकुर, आशीष जादौन, शिव फोड़दार, गुड्डू जादौन, कपिल राघव, मदन राघव, धीरज पांडेय, कन्हैयालाल, अजय पंडित, देवेन्द्र सिंह चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# बिलखोरा में नई सड़क का भव्य लोकार्पण, ग्रामीणों में खुशी की लहर

**गौरव दीक्षित, बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** सासनी क्षेत्र के विकास की कड़ी में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। ग्राम बिलखोरा खुर्द में नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण मुख्य अतिथि विधायक अंजुला माहौर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेमसिंह कुशवाहा और चौधरी अर्जुन सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। ?इस अवसर पर विधायक अंजुला सिंह माहौर ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और आवागमन



की सुविधाओं को सुदृढ़ करना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।?विशेष बात यह रही कि इस सड़क के निर्माण में दास चौधरी और स्थानीय ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। उनके निरंतर प्रयासों और मांग के फलस्वरूप शासन-प्रशासन द्वारा इस सड़क को मंजूरी मिली और अब यह बनकर तैयार हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग के बनने से अब आवाजाही सुगम होगी और कीचड़ व जलभराव जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी।? कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने अतिथियों का जोरदार स्वागत किया और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान दास चौधरी एवं ग्रामीणों के अथक प्रयास से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है वही सभी आगंतुकों का धन्यवाद करते हुए विकास की इस यात्रा को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर नाहर सिंह सौरभ चौधरी, गौरव चौधरी, अविनाश तिवारी, विक्रम सिंह जादौन, कोमल सिंह तोमर, हरेंद्र सिंह उर्फ भूरा मास्टर, आकाश वार्ष्णेय, पूर्व प्रधान बलवीर सिंह चौधरी, दास बांके बिहारी चौधरी,के अलावा ग्रामीण जन मौजूद थे.

# सरस्वती शिुश विद्यामंदिर में वार्षिक परीक्षा का परिणाम वितरण

**गौरव दीक्षित, बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** सासनी-विजगढ़ रोड स्थित श्री राधेश्याम स्वर्णकार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सासनी सत्र 2025-26 बार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक सुरेश चंद्र बर्मा, व गोपाल वार्ष्णेय,ने मां सरस्वती के समक्ष दीप



प्रज्जवलित कर किया। कक्षा नर्सरी से अष्टम तक के प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहिन नैना, इच्छा, अव्यांश, आशू खान, आरवी, आयुष, करिश्मा, यशी, दिव्यांशु गोस्वामी, शिवा, यश को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया। अखिल भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित परीक्षा में माधवी, अश्वनी, दिव्यांशु, शिवा, यश को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता आशू खान, सर्वाधिक उपस्थिति शिवा प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विपिन कुमार पालीवाल, नीरज कुमार, धर्मवीर पाठक, हरिओम शरण, हरेंद्र कुमार, अनुपमा, रौली , भारती , सीमा आदि उपस्थित रहे।

# सासनी में भव्य रूप से मनाया गया भगवान महावीर का जन्मोत्सव

**गौरव दीक्षित, बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** छहढाला के रचयिता पंडित दौलतराम जी की पुण्यभूमि सासनी में सोमवार को भगवान महावीर का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर का वातावरण भक्तिमय हो उठा और जगह-जगह महावीर स्वामी के जयकारे गूंजते रहे। प्रातःकाल जैन मंदिरों में विशेष पूजन-अभिषेक, शांतिधारा एवं विधान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिरों को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक आभा से भर गया। इसके पश्चात नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान महावीर की सुंदर झांकियां सजाई गईं। शोभायात्रा में पुरुष, महिलाएं और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और भजन-कीर्तन करते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया। बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों के साथ यात्रा ने पूरे सासनी को





उत्सवमय बना दिया। शोभायात्रा का उद्घाटन अतुल जैन एवं अंजय जैन परिवार द्वारा किया गया, जबकि ध्वजारोहण डॉ. दीपक जैन परिवार द्वारा संपन्न हुआ। कुबेर के रूप में सर्वेश जैन,भगवान के सारथी के रूप में राजेश जैन तथा रथ में प्रभु को विराजित करने का सौभाग्य राजेश जैन परिवार को प्राप्त हुआ। सौधर्म इंद्र की भूमिका मनोज जैन ने निभाई, वहीं सनत कुमार इंद्र के रूप में विनय जैन उपस्थित रहे। भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य श्यामसुंदर जैन एवं सरोज जैन को मिला तथा कलश महिला के रूप में ममता जैन ने सहभागिता की। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान महावीर के सिद्धांत,अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और तप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में इन आदर्शों का पालन समाज को शांति और समृद्धि की ओर ले जा सकता है। उन्होंने सभी से महावीर स्वामी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि कि विचारों में अनेकान्त, वाणी में स्याद्वाद, आचरण में अहिंसा और जीवन में अपरिग्रह ये भगवान महावीर के चार प्रमुख सिद्धांत थे। सभी आत्माएं समान हैं कोई छोटी-बड़ी नहीं है। भगवान महावीर का जीवन नर से नारायण, पशु से परमेश्वर व आत्मा से परमात्मा बनने की कहानी व्यक्त करता है। भगवान महावीर के पाँच नाम में वीर, अतिवीर, सन्मति, वर्धमान और महावीर की सार्थकता बताई गई। कार्यक्रम के दौरान जगह-जगह जलपान एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई। सामाजिक संगठनों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर आयोजन में सहयोग दिया। पूरे आयोजन ने सासनी की धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को दर्शाते हुए यह संदेश दिया कि भगवान महावीर के उपदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने प्राचीन काल में थे। समारोह में सकल जैन समाज ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर शोभायात्रा संयोजक अतुल जैन, विपिन जैन, शोभायात्रा अध्यक्ष राहुल जैन, उपाध्यक्ष विनय जैन, मंत्री शोभित जैन एवं यश लुहाड़िया, कोषाध्यक्ष सर्वेश जैन एवं विनय जैन, मीडिया प्रभारी अम्बुज जैन, भोजन व्यवस्था प्रभारी मनोज जैन एवं अभिषेक जैन, जैन समाज सासनी के अध्यक्ष शैलेंद्र जैन, उपाध्यक्ष विपुल लुहाड़िया, महामंत्री अंजय जैन, जैन समाज महिला मंडल सासनी तथा सकल दिगंबर जैन समाज सासनी के सदस्यगण उपस्थित रहे।

CMYK

# Kabul in Renewed Regional Outreach Amid its Pak Conflict and War in West Asia?

Following Pakistan's reported role in an attempt at brokering truce between the United States and Iran in the midst of a month-long war in West Asia, Afghanistan appears to have increased its regional outreach amid its own armed conflict with Islamabad.

While discussing bilateral relations with Afghan Foreign Minister, Amir Khan Muttaqi, Iran's envoy in Kabul, Alireza Bikdeli shared his country's views on the recent developments following what he described as a "war initiated by the United States and Israel.

Muttaqi, in turn, described the situation as an "aggression" by Washington and Tel Aviv against Iran and warned that the expansion of the conflict would be harmful to the region. According a report, the Afghan Foreign Minister also "expressed appreciation for Iran's positive stance regarding recent tensions between Afghanistan and Pakistan", and added that the government statement emphasised that Kabul seeks to resolve "reasonable demands of both sides through meaningful and sincere dialogue".

On his part, the acting head of Iran's embassy in Kabul, "described cooperation between Afghanistan and Iran – especially in trade, as positive. He said Iran's leadership is closely monitoring the recent situation between Afghanistan and Pakistan and supports a peaceful resolution."

The meeting was held to discuss bilateral relations and regional issues, where Muttaqi reportedly described trade relations between Afghanistan and Iran as growing.



In a separate report late on Sunday, the news website also mentioned Muttaqi's phone call with United Arab Emirates (UAE) Deputy Prime Minister and Minister of Foreign Affairs Sheikh Abdullah bin Zayed Al Nahyan. Incidentally, the UAE, too, is said to be among the negotiators between Washington and Tehran. They reportedly discussed bilateral relations, issues between Afghanistan and the United States, the regional situation, as well as "recent tensions between Afghanistan and Pakistan". Muttaqi added that Afghanistan, as a neighboring country, seeks to resolve issues with Pakistan through dialogue and mutual understanding and will not allow Afghan territory to be used against Pakistan.

The UAE foreign minister was also stated to have said that continued tensions between Afghanistan and Pakistan benefit neither side and that his country supports efforts to reduce tensions and strengthen stability in the region.

Muttaqi, added the Afghan foreign ministry release, appreciated the UAE's mediating role in the release of an American prisoner and emphasised that issues should be resolved through dialogue.

Abdullah bin Zayed Al Nahyan described relations between Afghanistan and the US as important and added that his country would play a positive role in this regard.

This comes as rising regional tensions have made the role of mediating countries such as the United Arab Emirates increasingly significant, with expectations that diplomatic efforts could help pave the way for reducing the crisis and ensuring stability in Afghanistan and the region.

The beleaguered nation of Afghanistan has Iran on its West and Pakistan on its South and Southeast. While the Pakistan border remain closed since about five months following its war with the neighbour, the US-Israel bombing of Iran has brought volatility to the other side too. Being a landlocked country, and the Taliban government facing sanctions, global supply of aid and support material remains under stress with the closest seaports being situated in Afghanistan's two immediate neighbours.

# Oli's Arrest Row Puts Nepal Govt's Justice Claims Under Scrutiny

Since the arrest of former Nepal Prime Minister K.P. Sharma Oli and his then colleague, ex-Home Minister Ramesh Lekhak, for their reported role in the September 2025 firing that left many dead in Kathmandu, mixed reactions have been coming from the Himalayan nation over administrative exercise and intent.

Pressure had been building ever since a probe agency submitted its findings and recommendations to the interim government on March 8. There were growing calls to make the report public. However, the then administration is understood to have deferred the decision, preferring that the incoming Prime Minister and cabinet take a call on the matter.

Even so, excerpts from the nearly 1,000-page report began appearing in sections of Nepal's media, prompting the interim government to consider releasing it just days before the new government was sworn in.

According to reports, the proper way would have been to first make the report public, after which the police could have taken the case against the two politicians to court. Instead, the hasty arrests have fuelled suspicions that the new government could use its supermajority to target its opponents.

Incidentally, both Nepal and Bangladesh saw new democratically elected governments emerge after youth-led protests over alleged misrule, though the course of events differed in the two countries, both neighbours of India.

In Nepal, a new government took office after youth-led protests over alleged misgovernance. K.P. Sharma Oli, though ousted, participated in the electoral process but lost to incumbent Balendra Shah. In contrast, in Bangladesh, former Prime Minister Sheikh Hasina fled the country amid unrest, and a court later awarded her the death sentence over alleged atrocities. Her party, the Awami League, has since been barred from political activity.

Without drawing direct parallels, the article



urged caution on the part of Nepal's new leadership.

It is hoped that the new government – on which people have pinned such high hopes – acts with more caution in the future, including the cases of Oli and Lekhak. This is vital to delivering justice to the families of those who were killed during the Gen Z uprising, which is one of the government's justifications for the arrests. All those who were involved in the brutal suppression of peaceful protests on September 8 last year must be brought to book.

Yet if the government is seen to be selectively targeting a few people while sparing others implicated in suppressing the uprising, the legitimacy of the whole process of prosecution and justice-delivery to victim families, starting with the formation of the Gauri Bahadur Karki-led commission last year, will come into question.

While a similar crackdown by law enforcement agencies in Bangladesh had led to the deaths of several protesters, followed by mob violence and attacks on Awami League members and minority Hindus, no comparable incidents of retaliatory violence have been reported in Nepal under the interim government. With its mandate, the government has a chance to work wonders for the country. It should not let that mandate go to waste by getting embroiled in such distractions that could easily have been avoided.

# Deadly Heatwaves in India

Around 84 heatstroke deaths have been recorded in the summer of 2025. The devastating 2010 heatwave led to 1,344 additional deaths, most of them above 65 years of age.

Globally, stroke ranks among the top 10 cause of death. Between 2000 and 2019, the World Health Organization and United Nations Environment Programme projected around 489,000 heat-related deaths worldwide, with more than 85 per cent of these deaths occurring in the age group of 65 and above.

In India, Abhik Sinha's studies highlighted the major concerns of elderly patients with chronic conditions. Heat-related deaths among those over 65 have risen by 70 per cent in two decades and accidents like those in 2003 in France demonstrate the critical need of attention.

The India Meteorological Department (IMD) issued red alerts for many states after Delhi reached 43°C. A spike in heatstroke and dehydration cases followed in Noida and Ghaziabad, especially among the elderly.

There are 1.1 billion persons aged 60 and above globally as of 2022. This number is expected to double to 2.1 billion by 2050. Asia is home to 54 of the world's elderly population, which will rise to nearly 1.3 billion or 25 per cent of its total population by 2050



Recent studies show daily mortality among the elderly in India is 14.7 per cent when the temperature is at 97th percentile for the 2 consecutive days. These are predictions of mortality among the elderly living in a South Indian urban community: 92.5 per annum for men and 51.0 per annum for women. Among rural regions, eastern Maharashtra, which has 78 per cent of its population living outside cities, reports that nearly 30 per cent of patients admitted to the outpatient department daily fall sick due to heat exposure.

A 2 C temperature rise is linked to a 65 per cent increase in communicable diseases. With the elderly population expected to double by 2050, this overlap of climate stress highlights the urgent need for adaptive measures.

Why seniors suffer more

Heatwaves do not impact all populations equally, with the vulnerable bearing a disproportionate burden. Studies show 82 per cent to 92 per cent of mortality is among older populations. Multiple interacting factors exacerbate the severity of the suffering population.

Biological factors, contribute to this risk. Patients already suffering from severe conditions like respiratory illnesses, renal disease, mental and behavioural disorders, and cardiovascular problems are more vulnerable. These diseases show positive associations with heat-related mortality. During heatwaves, thermoregulation lowers the sweat response.

Dehydration and fluid loss put a strain on kidneys. At the same time, increased heart rate and decreased blood pressure cause cardiovascular strain, further increasing morbidity in vulnerable populations.

**(Courtesy: DTE)**

# Big Leap in India-Israel Farm Ties

The India-Israel cooperation in agriculture has received a huge push with the announcement, during Prime Minister Narendra Modi's visit to Jerusalem last month, of setting up more Centres of Excellence as high-tech agricultural hubs and taking these further to the village level to ensure that the use of modern farm techniques percolates directly to the grassroots.

At the heart of the India-Israeli partnership have been Centres of Excellence (CoEs) -- high-tech agricultural hubs co-designed by Israeli experts and Indian agricultural institutions.

While 32 of these are already operational, 18 more have been under development.

During this visit to Israel, PM Modi announced their decision to take this number to 100 to ensure enhanced productivity and income for Indian farmers.

These CoEs have adapted Israeli innovations and best practices in drip irrigation, fertigation, protected cultivation, pest management, nursery technology, and water-efficient horticulture to local Indian conditions.

These have trained thousands of Indian farmers across states from Punjab to Karnataka in new methods to boost the quality and quantity of crops.

While comprehensive statewide income data is still emerging, early field surveys show that farmers participating in CoE and allied programmes have reported higher monthly net incomes thanks to better crop quality and reduced input waste.

According to a report, it is in this backdrop that Prime Minister Modi, along with his Israeli counterpart, Prime Minister Benjamin Netanyahu, announced a new grassroots-centric initiative known as 'Villages of Excellence'. This shift -- from isolated demonstration plots to community-level transformation -- seeks to



embed Israeli technologies directly into Indian village ecosystems. It means farmers won't merely visit a CoE site; they can experience tailored irrigation systems, satellite-based soil monitoring and real-time decision support right in their home districts.

This enduring partnership in the agriculture sector has ensured mutual benefit for both sides. Indian farmers have learned new ways of saving water, increasing yields and boosting incomes. Israel's precision systems -- from drip and micro-sprinkler irrigation to automated fertigation -- can cut water use by up to 40-60 per cent compared to traditional surface irrigation, a vital improvement in water-stressed regions of India.

It highlights that in CoE sites, horticulture crops -- tomato, capsicum, and melon -- yields have risen between 20 and 40 per cent within a few seasons as growers adopt controlled environments and calibrated nutrient regimes.

Besides, the training in post-harvest handling and integrated pest management reduces losses, has improved market value for smallholders, which has resulted in major gains in states such as Maharashtra and Uttar Pradesh.

Likewise, Israeli farmers and agritech sectors have also benefitted as Indian demand provides Israeli technology firms -- especially those specialising in Artificial Intelligence-driven crop analytics, sensors, and automated irrigation systems -- with a vast field of laboratories and a commercial pathway which makes their partnership mutually beneficial.

# 11 दिवसीय महोत्सव में भक्ति एव संस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

### प्राचीन मन्दिर श्री हनुमान जी महाराज नवग्रह पर 31 मार्च से शुरू होगा 60 वा वार्षिक महोत्सव

**अनिल चौधरी, बुलंद मंजिल**






**हाथरस।** हरिगढ़ रोड स्थित ब्रजद्वारदेहरी के प्राचीन मन्दिर श्री हनुमानजी महाराज नवग्रह पर 31 मार्च से 60वें वार्षिक महोत्सव का आयोजन होगा। 11 दिन तक चलने वाले महोत्सव में विभिन्न भक्ति एव संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। महोत्सव की सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

मंदिर के पुजारी दिनेश गुरू ने बताया कि प्रति वर्ष की तरह इस बर्ष भी मंदिर पर वार्षिक महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। महोत्सव का शुभारंभ 31 मार्च को होगा। 10 अप्रैल को महोत्सव का समापन होगा। 11 दिवसीय महोत्सव में प्रतिदिन भक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनन्द भक्त ले सकेंगे। महोत्सव के दौरान अलग अलग प्रकार के झूले भी लगेंगे वहीं खानपान भी दुकाने भी लगेगी। 01 अप्रैल को श्री हनुमानजी महाराज जन्मोत्सव पर बधाई उत्सव होगा। भव्य फूल बंगला व छप्पन भोग के दर्शन होंगे साथ ही सुंदरकांड का आयोजन भी किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी दिनेश गुरू ने सभी धर्मप्रेमी जनता जनार्दन अपील करते हुये कहा कि प्रति दिन महोत्सव में पधारकर हनुमानजी महाराज के दर्शन कर कार्यक्रमों का आनंद लें।

# 12 अप्रैल के सामूहिक विवाह को सफल बनाने के लिए समाज एकजुट

**दैनिक बुलंद मंजिल**



**बरेली।** बरेली में 12 अप्रैल को होने वाले सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने के लिए सोमवार को ब्रह्मपुरा स्थित कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास में समाज के पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक हुई। इसमें आयोजन की तैयारियों, व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में आपसी सहयोग और सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को बढ़ावा देते हैं। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी सम्मानपूर्वक अपने बच्चों का विवाह कराने में मदद मिलती है। पदाधिकारियों ने कहा कि सामूहिक विवाह केवल एक सामाजिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का माध्यम भी है।

कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न समितियों के गठन का निर्णय लिया गया। कार्यकताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपने पर सहमति बनी। बैठक में बारात स्वागत, भोजन व्यवस्था, पंडाल, रजिस्ट्रेशन, अतिथि सत्कार और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक सहयोग करने और जरूरतमंद परिवारों तक इस आयोजन की जानकारी पहुंचाने की अपील की। साथ ही भरोसा जताया कि सभी के सहयोग से 12 अप्रैल का सामूहिक विवाह समारोह सफल और यादगार बनेगा।

बैठक में अध्यक्ष के.पी. सेन गंगवार, उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गंगवार, रामऔतार गंगवार, मूलचंद गंगवार, मीडिया प्रभारी देश दीपक गंगवार, सदस्य युधिष्ठर प्रसाद गंगवार, खेमेन्द्र पाल सिंह, भद्र पाल गंगवार, तेज पाल गंगवार समेत समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और आयोजक मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

# खुला नाला निगल गया ज़िंदगी, अब जागा नगर निगम

### तौहीद की मौत के बाद 500 करोड़ का प्लान, पहले क्यों नहीं दिखी खामियां?

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** सैटेलाइट बस स्टैंड पर खुले नाले में गिरकर हरदोई के 30 वर्षीय तौहीद की मौत ने शहर की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। हादसे के बाद अब नगर निगम ने पूरे शहर के करीब 400 किलोमीटर लंबे नालों को ढकने के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार करने की बात कही है। सवाल यह है कि क्या हर बार किसी की जान जाने के बाद ही सिस्टम हरकत में आएगा?

मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे बस पकड़ने आए तौहीद अचानक बस स्टैंड के पास खुले नाले में गिर गए। नाला करीब 15 फीट गहरा और तेज बहाव वाला था। सूचना मिलते ही पुलिस और नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। करीब 30 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में 5 जेसीबी, सीवर मशीन और 100 से अधिक कर्मचारी लगे रहे, लेकिन गुरुवार तड़के उनका शव ही बरामद हो सका।

**परिवार का आरोप यह हादसा नहीं, लापरवाही से हुई मौत**

मृतक के परिजनों ने नगर निगम और रोडवेज प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि नाले पर न स्लैब था, न बैरिकेडिंग न रोशनी की व्यवस्था, न चेतावनी बोर्ड पहले से शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं।

परिजनों ने इसे सीधी प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए जिम्मेदारों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

**नगर आयुक्त ने माना स्लैब हटाकर दोबारा नहीं लगाया गया**

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने स्वीकार किया कि नाले की सफाई के दौरान स्लैब हटाया गया था, लेकिन उसे दोबारा ठीक से नहीं लगाया गया। उन्होंने इसे ह्लतकनीकी चूकह्व बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

**अब बनेगा प्लान रेलिंग और चेतावनी बोर्ड लगेंगे**

नगर निगम के अनुसार–
शहर के सभी नालों को ढकने का एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है
किनारों पर रेलिंग लगाई जाएगी
चेतावनी बोर्ड लगाए जाएंगे
काम चरणबद्ध तरीके से होगा

**तीखे सवाल–जिनका जवाब जरूरी**

1. मई 2025 से खुला नाला अब तक क्यों नहीं ढका गया?
2. रोडवेज की शिकायतों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई?
3. भीड़भाड़ वाले बस स्टैंड पर सुरक्षा इंतजाम क्यों नहीं थे?
4. क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर एफआईआर होगी?
5. शहर के बाकी खुले नालों को कब तक ढका जाएगा?

तौहीद की मौत ने साफ कर दिया है कि बरेली में खुले नाले सिर्फ गंदगी का नहीं, बल्कि लापरवाही का भी प्रतीक हैं। अब देखना यह है कि 500 करोड़ का प्लान कागजों से निकलकर जमीन पर आता है या नही और सबसे बड़ा सवाल,क्या इस मौत के जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई होगी या मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा?

# फर्जी नंबर प्लेट का खेल बेनकाब: चेकिंग में युवक गिरफ्तार, एक ही बाइक पर तीन नंबरों का खुलासा

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** थाना प्रेमनगर पुलिस ने रात्रि चेकिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक मोटरसाइकिल और अलग-अलग नंबर प्लेट बरामद हुई हैं, जिससे वाहन चोरी और आपराधिक घटनाओं में इस्तेमाल की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, 28/29 मार्च 2026 की रात गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक स्पलेंडर प्लस बाइक पर बार-बार नंबर प्लेट बदलकर पुलिस से बचने और अपराध करने की फिराक में है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने डमरू चौराहे के पास दबिश देकर आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। एक बाइक, तीन नंबर खुली बड़ी साजिश की परतें तलाशी के दौरान बाइक पर लगे नंबर वढ25 उद 2316 को ई-परिवहन ऐप पर चेक किया गया, जो किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर निकला। वहीं बाइक के असली चेचिस नंबर से पता चला कि उसका रजिस्ट्रेशन नंबर अलग (वढ26एउ3009) है। इतना ही नहीं, बाइक की हैंडल में टंगे बैग से एक और नंबर प्लेट वढ26एउ3006 बरामद हुई। इससे साफ है कि आरोपी नंबर प्लेट बदल-बदलकर पुलिस को गुमराह करता था। 20 वर्षीय युवक गिरफ्तार, केस दर्ज गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजय बाबू (20 वर्ष) निवासी अहलादपुर, थाना इज्जतनगर के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना प्रेमनगर में मु0अ0सं0 122/26 के तहत धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक सुधीर कुमार, प्रमोद कुमार, कांस्टेबल रोहित कुमार और अमरीश की टीम शामिल रही। अपराध की बड़ी कड़ी जुड़ने की आशंका पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी का संबंध किसी वाहन चोरी गैंग या अन्य आपराधिक नेटवर्क से तो नहीं है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इन नंबर प्लेटों का इस्तेमाल किन-किन घटनाओं में किया गया। फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल अक्सर चोरी, लूट और अन्य वारदातों में पहचान छुपाने के लिए किया जाता है। ऐसे में प्रेमनगर पुलिस की यह कार्रवाई आगे और बड़े खुलासे का संकेत दे रही है।

# दहेज की मांग को लेकर विवाहिता पर अत्याचार, पति समेत ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** थाना सुभाष नगर क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

आकांक्षा सक्सेना (26), निवासी सुभाष नगर, बरेली ने बताया कि उसका विवाह 17 फरवरी 2016 को अनुज कुमार सक्सेना निवासी लोनी, गाजियाबाद के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह के बाद से ही पति अनुज, ससुर रविन्द्र कुमार, सास उमा, जेठ अमर और देवर किशन उस पर दहेज की मांग को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से उत्पीड़न करने लगे।

पीड़िता का आरोप है कि 26 मार्च 2026 को पति ने शराब के नशे में उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। इस दौरान सास-ससुर ने भी उसे उकसाया और दहेज न लाने पर मारते रहने की बात कही। अगले दिन 27 मार्च को सुबह ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों ने भी गाली-गलौज और धमकी दी कि यदि मायके से पैसे नहीं लाएगी तो उसे घर से निकाल दिया जाएगा। आकांक्षा ने बताया कि उसी दिन सुबह करीब 9 बजे पति ने दोबारा मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। घर के अन्य सदस्य मौजूद होने के बावजूद किसी ने उसे बचाने का प्रयास नहीं किया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि गर्भावस्था के दौरान भी उसे कोई देखभाल नहीं दी गई और लगातार प्रताड़ित किया गया। विवाहिता के अनुसार उसके दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें एक तीन साल का बेटा और तीन माह की बेटी है। बच्चों के जन्म के बाद भी ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला। लगातार उत्पीड़न और जान से मारने की धमकियों से परेशान होकर वह 27 मार्च को अपना ससुराल छोड़कर मायके आ गई। पीड़िता ने बताया कि इससे पहले भी एक बार 112 नंबर पर शिकायत करने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और समझौता कराया गया था, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष का रवैया नहीं बदला।पीड़िता ने थाना सुभाष नगर पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# जुए का विरोध पड़ा भारी: दबंगों का कहर, महिला समेत कई घायल, इलाके में दहशत

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र के संजय नगर में जुए का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। दबंगों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर हमला बोल दिया, जिसमें महिला समेत कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

पीड़िता राजनदेवी पत्नी रामस्वरूप के अनुसार, पड़ोस में रहने वाले रामपाल, मालती, विक्की, महेंद्र और प्रमोद कश्यप को 2-3 दिन पहले जुआ खेलने से रोका गया था। इसी बात को लेकर आरोपियों ने मन में रंजिश पाल ली।

बताया गया कि 26 मार्च की सुबह करीब 9:10 बजे सभी आरोपी एकजुट होकर पीड़िता के घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान राजनदेवी को गंभीर चोटें आईं, जबकि परिवार के अन्य सदस्य भी मारपीट में घायल हो गए। लोगों के पहुंचते ही भागे आरोपी

घर से उठ रही चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

**पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, तलाश जारी**

घटना के बाद पीड़िता थाना बारादरी पहुंची और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।जुए जैसे अवैध काम का विरोध करना ही अब खतरे से खाली नहीं रहा। कानून का डर खत्म होता दिख रहा है और दबंग खुलेआम हमला करने से भी नहीं डर रहे। इलाके के लोगों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# बुजुर्ग महिला की मौत के मामले में दो आरोपी गिरफ्ता

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** थाना प्रेमनगर क्षेत्र में मामूली विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जहां दबंगों की दबंगई के चलते एक 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रेमनगर में 26 मार्च 2026 को ब्रह्मपुरा टायर मंडी निवासी मो. नदीम खां ने तहरीर देकर बताया कि मोहल्ले के ही 6 लोगों ने उनके घर पर हमला कर दिया। आरोप है कि सभी आरोपी दरवाजा तोड़कर घर में घुसने का प्रयास करने लगे, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, दरवाजा न खुलने पर आरोपियों ने घर पर ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। इस दौरान वादी की मां मारूफ बेगम (65 वर्ष), जो दिल की मरीज थीं, उनके साथ धक्का-मुक्की हुई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रेमनगर पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

29 मार्च 2026 को पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम अरसल पुत्र नदीम (उम्र 20 वर्ष),मौ. नदीम पुत्र स्व. मौ. नासिर (उम्र 45 वर्ष) बताया।दोनों आरोपी ब्रह्मपुरा, थाना प्रेमनगर क्षेत्र के रहने वाले हैं।

**पूछताछ में क्या आया सामने**

पुलिस पूछताछ में आरोपी मौ. नदीम ने बताया कि उसके बेटे अरसल की एक दिन पहले इमरान से दुकान पर कहासुनी हो गई थी। इसी विवाद को लेकर मामला बढ़ा और गुस्से में परिवार के साथ इमरान के घर पहुंचकर यह घटना हो गई।पुलिस ने इस मामले में धारा 115(2), 352, 351(3), 191(2), 105 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# खेत में मिला युवक का संदिग्ध शव, शरीर पर चोटों के निशान से हत्या की आशंका

### वागरपुर क्षेत्र में सनसनी 31 वर्षीय युवक की नहीं हो सकी शिनाख्त, पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**बरेली।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत वागरपुर में उस समय सनसनी फैल गई जब सेधा रोड से शिवराज गांव जाने वाले मार्ग पर एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

बताया जा रहा है कि करीब 31 वर्षीय अज्ञात युवक का शव सिपट्टर सिंह के खेत में पड़ा मिला। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

मौके पर पहुंची पुलिस, शुरू की जांच सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, लेकिन खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

**शिनाख्त बनी चुनौती**

पुलिस द्वारा शव की पहचान कराने के लिए आसपास के गांवों में सूचना भिजवाई जा रही है। फिलहाल मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है, जिससे जांच और भी जटिल हो गई है।

**हत्या या हादसा? बड़ा सवाल**

शरीर पर मिले चोट के निशानों को देखते हुए मामला संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

**ग्रामीणों में दहशत का माहौल**

खेत में शव मिलने की घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोग तरह-तरह की चचाएं कर रहे हैं और जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने की मांग कर रहे हैं।

# वार्षिक परीक्षाफल प्राप्त करते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे

**दैनिक बुलंद मंजिल**




**बरेली।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौतारा में शैक्षिक सत्र 2025-26 का सोमवार को समापन हो गया। इस दौरान विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मानवेंद्र सिंह यादव ने छात्र-छात्राओं को उनके वार्षिक परीक्षाफल वितरित करते समय कहा कि आगे चलकर आपको हमारे विद्यालय के साथ अपने परिवार का नाम रोशन करना है, अब तक की आप सभी को दी गई शिक्षा ही आपके जीवन की आधारशिला बनने वाली है इस लिए अपने आने वाले समय में जो भी गुरुजन आपके जीवन को संवारने के लिए जो शिक्षा आपको दें उसे नियमित रूप से सीखें और उसे आत्मसात करें। इस दौरान वार्षिक परिणाम प्राप्त करते समय बच्चों के चेहरों पर उत्साह और उमंग साफ झलक रही थी। विद्यालय के समस्त अध्यापकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और आगे की पढ़ाई में मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक संतोष कुमारी, वंदना चंदन एवं सत्यदेव शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय में समाजवादी छात्र सभा का प्रदर्शन, वीसी लापता के पोस्टर नारे लगाए, वीसी पर जातिवाद करने का आरोप, रजिस्ट्रार को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक बुलंद मंजिल**





**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में हाल ही में विभिन्न पदों पर हुई नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं, आरक्षण नियमों के उल्लंघन एवं छात्र समस्याओं को लेकर सोमवार को समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र शामिल रहे। छात्र नेताओं का प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय परिसर पहुंचकर कुलपति से मुलाकात करना चाहता था, ताकि उन्हें नियुक्तियों में गड़बड़ी एवं छात्र समस्याओं से अवगत कराया जा सके। हालांकि, विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एक बार फिर कुलपति के "आउट ऑफ स्टेशन" होने की जानकारी दी गई। इस पर छात्रों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने इसे प्रशासन की लापरवाही एवं छात्रों की समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया बताया। कुलपति से न मिल पाने से नाराज समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने परिसर में ह्लकुलपति महोदय लापता हैंह्व लिखे पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और कुलपति से मिलने की मांग को लेकर वहीं धरने पर बैठ गए। इस दौरान परिसर में काफी देर तक नारेबाजी होती रही और छात्रों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में लगातार गंभीर मुद्दे सामने आने के बावजूद कुलपति छात्रों से मिलने से बच रहे हैं, जिससे यह प्रतीत होता है कि प्रशासन जानबूझकर छात्रों की समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। इसी दौरान समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि, "रुहेलखंड विश्वविद्यालय में हाल ही में हुई नियुक्तियों में जिस प्रकार से अनियमितताओं, पक्षपात और आरक्षण नियमों के उल्लंघन की बातें सामने आ रही हैं, वह अत्यंत गंभीर विषय है। यदि नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं होगी, तो योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय होगा और शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता समाप्त हो जाएगी।" उन्होंने आगे कहा कि, "हम लगातार छात्रों की समस्याओं को लेकर प्रशासन से संवाद स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन कुलपति महोदय द्वारा बार-बार ह्यआउट ऑफ स्टेशनह्ण बताकर मिलने से बचना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। विश्वविद्यालय के छात्र आज मूलभूत सुविधाओं तक के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन मौन बना हुआ है। यह स्थिति किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।" अविनाश मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि, "यदि हमारी मांगों पर शीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई, तो समाजवादी छात्र सभा बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय की शरण भी लेगी।" काफी देर तक चले धरना-प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्रों को समझाने का प्रयास किया। इसके पश्चात समाजवादी छात्र सभा के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति के नाम संबोधित अपना विस्तृत ज्ञापन रजिस्ट्रार को सौंपा तथा मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में विश्वविद्यालय में हाल ही में विभिन्न पदों पर हुई नियुक्तियों में वऋछ फॅ४ʼ३ङ्गल्ल 2018 के मानकों की अनदेखी, 100-पॉइंट रोस्टर प्रणाली के उल्लंघन, रउ/रळ/डइउ/एहर आरक्षण में अनियमितता, फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों के आधार पर चयन, वेतनमान एवं ऋङ्ग१-16/16अ से संबंधित दस्तावेजों की सत्यता पर गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं। साथ ही चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता के अभाव एवं एक ही जाति/बिरादरी विशेष के अभ्यर्थियों को असामान्य रूप से अधिक लाभ दिए जाने के आरोप भी लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त छात्रावासों की बदहाल स्थिति को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। छात्रों ने बताया कि छात्रावासों में बिजली जाने पर जनरेटर की समुचित व्यवस्था नहीं है, भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब है तथा साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। विशेष रूप से अरावली छात्रावास में फड पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे छात्रों को स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है, जबकि अन्य छात्रावासों में फड होने के बावजूद उसका रखरखाव ठीक नहीं है। इसके अलावा छात्रावासों में मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा बना हुआ है। विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक विभागों में भी शुद्ध पेयजल की कमी को लेकर छात्रों ने नाराजगी जताई। इसके साथ ही ळउ एवं ट्रॅ१ʼ३ङ्गल्ल प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर शुल्क में अत्यधिक वृद्धि करने तथा ऑफलाइन काउंटर बंद करने के फैसले का भी विरोध किया गया, जिससे छात्रों को अनावश्यक आर्थिक एवं प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समाजवादी छात्र सभा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इन सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा इसकी समस्त जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रदेश सचिव संजय मेवाती, जिला महासचिव अमरीश यादव, अभिषेक यादव, सकलैन सिद्दीकी, अर्पित उपाध्याय, पिंकू गुर्जर, सुदेश यादव, श्रीपाल यादव, सौरभ यादव, समीर वर्मा, मानव राजपूत, अमित गंगवार, आकाश यादव, उमेश बाला, अलसैफ खान, हरविंद यादव, मेराज खान, सोहिल खान, गौरव मिश्रा, आलोक कुमार, मनीष शर्मा, अभिषेक पाठक, लवजीत कुमार, दिव्यांशु, कृष्ण यादव, राघव मिश्रा, यश, विजिनेश पाल, यश राणा, तस्लीम, यूनुस, अमन राईन, आदिल, शाहजिल, तौसीफ, तपिश गंगवार, फैजल, माजिद, मोहित कुमार, कौशल साहू, विवेक सिंह, कमलजीत, आदित्य, राजन, मोनू, शिवांशु, गगन, नितिन, सुधीर यादव, आजम आदि उपस्थित रहे।

(जारीकर्ता: समाजवादी छात्र सभा, बरेली)

# मोबाइल की गिरफ्त में बचपन, चांदपुर से उठी बड़ी मांग

## सीएम योगी से गांवों में पार्क बनवाने की अपील



**दैनिक बुलंद मंजिल/ नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** गामीण क्षेत्र में बच्चों में तेजी से बढ़ती मोबाइल फोन की लत को लेकर अब सामाजिक स्तर पर चिंता गहराने लगी है। छोटे-छोटे बच्चे जहां पहले खेल के मैदानों में नजर आते थे, वहीं अब वे मोबाइल स्क्रीन में खोए रहते हैं। इसी गंभीर समस्या को देखते हुए विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की है।

**तहसील चांदपुर से उठी आवाज, बच्चों के भविष्य की चिंता**

विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशांत तोमर निवासी ग्राम मुस्तफाबाद सराय और प्रदेश मंत्री व वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र सिंह राजपूत निवासी ग्राम स्याऊ, चांदपुर ने बच्चों में बढ़ती मोबाइल की लत को समाज के लिए बड़ा खतरा बताया है। उनका कहना है कि आज के समय में छोटे बच्चे घंटों मोबाइल पर वीडियो देखने और गेम खेलने में व्यस्त रहते हैं, जिससे उनका बचपन प्रभावित हो रहा है।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई खास अपील**

दोनों पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करते हुए कहा कि गांवों में पार्क और खेल मैदान विकसित किए जाएं, ताकि बच्चों को खेलने के लिए बेहतर वातावरण मिल सके। उनका मानना है कि यदि बच्चों को खेलकूद के पर्याप्त साधन मिलेंगे, तो वे स्वतः ही मोबाइल से दूरी बना लेंगे।

**मोबाइल लत से बिगड़ रही सेहत और व्यवहार**

विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने बताया कि मोबाइल की लत के कारण बच्चों की शारीरिक और मानसिक सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। बच्चों में चिड़चिड़ापन, आक्रामकता और ध्यान की कमी जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। साथ ही उनकी पढ़ाई और सामाजिक व्यवहार भी प्रभावित हो रहा है।

**समाज और अभिभावकों की जिम्मेदारी**

उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए केवल सरकार ही नहीं, बल्कि समाज और अभिभावकों को भी आगे आना होगा। बच्चों को मोबाइल से दूर रखकर उन्हें खेलकूद, पढ़ाई और रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना बेहद जरूरी है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं की कमी बनी वजह**

चांदपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पार्क और खेल मैदानों की कमी भी बच्चों के मोबाइल की ओर झुकाव का एक बड़ा कारण मानी जा रही है। यदि गांवों में खेल सुविधाएं विकसित की जाएं, तो बच्चों को स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा।

चांदपुर से उठी यह मांग अब एक जनआंदोलन का रूप ले सकती है, जिसमें बच्चों के बेहतर भविष्य और स्वस्थ जीवन के लिए समाज और सरकार दोनों से ठोस पहल की उम्मीद जताई जा रही है।

# नेहरू चौक से नहटौर चौराहे तक जागरूकता का सैलाब

## एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया सशक्त

**दैनिक बुलंद मंजिल/ नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर ।** चांदपुर कस्बे में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर एंटी रोमियो टीम ने जोरदार अभियान चलाया। मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत नेहरू चौक और नहटौर चौराहे पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान में महिला हेड कांस्टेबल दीपा आर्या और महिला कांस्टेबल मनाली शर्मा ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए बड़ी संख्या में महिलाओं को एकत्रित किया और उन्हें बाल विवाह मुक्त अभियान, साइबर अपराध से बचाव और महिला सुरक्षा से जुड़े अहम बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। पुलिस टीम ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब महिलाएं किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न




या ऑनलाइन अपराध को नजरअंदाज न करें, बल्कि तुरंत शिकायत दर्ज कराएं और कानून का सहारा लें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं–विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और नशा मुक्ति भारत अभियान–के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि वे इनका लाभ उठा सकें।

साइबर सुरक्षा को लेकर भी विशेष जोर दिया गया। महिलाओं और बालिकाओं को मोबाइल और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, अश्लील संदेश और साइबर उत्पीड़न से बचने के उपाय समझाए गए। साथ ही यह भी बताया गया कि साइबर अपराध होने की स्थिति में तुरंत क्या कदम उठाने चाहिए। **कार्यक्रम में महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए:** 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 102/108 (स्वास्थ्य/ एम्बुलेंस सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड लाइन) और 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन)।

पुलिस टीम ने मौके पर महिलाओं की समस्याएं भी सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस हर समय उनके साथ खड़ी है। चांदपुर पुलिस का यह प्रयास समाज में महिलाओं के प्रति सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास का माहौल मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र चौधरी के समर्थन में उतरे पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुत्र रवि धारीबाल

**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** जिला बार एसोसिएशन एवं लाइब्रेरी, बिजनौर के वर्ष 2026-2027 के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र चौधरी द्वारा अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश किए जाने के बाद चुनावी माहौल और भी गर्म हो गया है। अब इस चुनाव में राजनीतिक और सामाजिक समर्थन भी खुलकर सामने आने लगा है।

**अध्यक्ष पद पर मजबूत दावेदारी**

राजेंद्र चौधरी लंबे समय से अधिवक्ता समुदाय से जुड़े हुए हैं और अपने अनुभव,



सादगी एवं सक्रिय भूमिका के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, बार के विकास और न्याय व्यवस्था में पारदर्शिता लाने का संकल्प लिया है। उनके चुनाव मैदान में उतरने से मुकाबला रोचक हो गया है।

**पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुत्र ब्लॉक जलीलपुर रवि धारीबाल का मिला समर्थन**

चुनावी माहौल के बीच जलीलपुर ब्लॉक के पूर्व प्रमुख के पुत्र रवि धारीबाल ने भी राजेंद्र चौधरी के समर्थन में खुलकर मैदान संभाल लिया है। उन्होंने अधिवक्ताओं से हाथ जोडकर अपील करते हुए कहा कि राजेंद्र चौधरी एक ईमानदार, अनुभवी और योग्य प्रत्याशी हैं, जो बार एसोसिएशन को नई दिशा दे सकते हैं।

रवि धारीबाल ने कहा कि राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और बार की गरिमा को और अधिक मजबूत किया जाएगा। उनके समर्थन से चुनावी समीकरणों में बदलाव की चर्चा भी तेज हो गई है।

**अधिवक्ताओं से समर्थन की अपील**

राजेंद्र चौधरी ने अधिवक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे उन्हें अपना बहुमूल्य मत देकर विजयी बनाएं, ताकि वे बार एसोसिएशन को सशक्त और संगठित बना सकें। उन्होंने सभी साथियों को साथ लेकर चलने का भरोसा दिलाया।

**चुनाव में बढ़ी हलचल**

जिला बार एसोसिएशन के इस चुनाव में अब समर्थन और समीकरणों का दौर शुरू हो गया है। अधिवक्ताओं के बीच बैठकों और संपर्क अभियान में तेजी आ गई है, जिससे चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुत्र रवि धारीबाल के समर्थन से राजेंद्र चौधरी की दावेदारी और मजबूत होती नजर आ रही है, अब सभी की नजर आगामी चुनाव परिणाम पर टिकी है।

# चांदपुर में रहस्यमयी मौत का मामला

## किराए के कमरे में फंदे पर लटका मिला युवक, हत्या या आत्महत्या? उठे कई सवाल

**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर ।** चांदपुर कस्बे में बीती रात एक 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। युवक का शव उसके किराए के कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मोहल्ला सराय रफी निवासी सनी पुत्र प्रेम सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सनी चांदपुर में किराए के कमरे में रह रहा था। घटना के समय उसका कमरा अंदर से बंद था, जिसे पुलिस ने तोड़कर खोला। अंदर का नजारा देखकर हर कोई हैरान रह गया–युवक का शव फंदे से लटका हुआ था।

इस घटना में सबसे बड़ा



सवाल उस समय खड़ा हुआ जब पता चला कि घटना के समय युवक की पत्नी घर पर मौजूद नहीं थी। परिजनों ने इस बात को लेकर गंभीर संदेह जताया है। मृतक की मां बबली ने साफ तौर पर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

परिवार के अनुसार, सनी ने लगभग चार साल पहले अपनी मामी से विवाह किया था और उनका एक बच्चा भी है। परिजनों का आरोप है कि पारिवारिक संबंधों में तनाव बना रहता था और युवक की पत्नी का आना-जाना सनी और उसके मामा दोनों के पास रहता था, जिससे विवाद की स्थिति बनी रहती थी।

घटना की सूचना मिलते ही थाना चांदपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

इस घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चचाएँ शुरू हो गई हैं और लोग सच्चाई सामने आने का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जांच में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल यह मामला आत्महत्या और हत्या के बीच उलझा हुआ है, जिसकी सच्चाई अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही सामने आ सकेगी।

# चांदपुर में चोरों का तांडव, 36 घंटे में दूसरी बड़ी वारदात, हाईटेंशन लाइन से लाखों का तार चोरी, पुलिस पर उठे सवाल

**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर ।** चांदपुर कस्बे में इन दिनों बदमाशों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने जहां आम जनता की नींद उड़ा दी है, वहीं पुलिस की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। महज 36 घंटे के भीतर दूसरी बड़ी चोरी की वारदात सामने आने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

**पहली वारदात का नहीं हुआ खुलासा, फिर हुई दूसरी चोरी**

गौरतलब है कि नगर के मोहल्ला चिम्मन निवासी प्रमुख उद्योगपति एवं व्यवसायी निरीश कुमार गुप्ता उर्फ बिल्लू बाबू के घर में हुई बड़ी चोरी का पुलिस अभी तक खुलासा भी नहीं कर पाई थी। इस घटना में करीब 8 लाख रुपये की नकदी और लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी हुए थे। इस वारदात को हुए अभी 36 घंटे भी नहीं बीते थे कि बदमाशों ने एक और बड़ी घटना को अंजाम दे डाला।

**पीपसाना विद्युत केंद्र से कराल फीडर तक हाईटेंशन लाइन काटी**

बीती रात बेखौफ चोरों ने पीपसाना स्थित विद्युत केंद्र से कराल फीडर को जाने वाली हाईटेंशन लाइन को निशाना बनाते हुए 19 खंभों से लाखों



रुपये मूल्य का कीमती तार चोरी कर लिया। यह वारदात सुनियोजित तरीके से की गई, जिससे स्पष्ट है कि चोरों ने पूरी तैयारी के साथ घटना को अंजाम दिया।

सुबह खेत पहुंचे किसानों ने देखा तब हुआ चोरी का खुलासा

सुबह जब किसान अपने खेतों पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बिजली के खंभों से तार गायब हैं। यह नजारा देखकर किसानों में हड़कंप मच गया। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना विद्युत विभाग और पुलिस को दी।

बिजली आपूर्ति ठप, दर्जनों किसान प्रभावित

बताया जा रहा है कि इस लाइन के माध्यम से करीब तीन दर्जन किसानों के ट्यूबवेल को बिजली आपूर्ति होती थी। तार चोरी होने से पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विद्युत विभाग ने दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी

अवर अभियंता द्वारा इस संबंध में थाना चांदपुर में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

**लगातार वारदातों से दहशत, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल**

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने चांदपुर की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश दोनों का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इन घटनाओं का खुलासा नहीं हुआ, तो अपराधियों के हौसले और बुलंद हो सकते हैं। चांदपुर में बढ़ते अपराध अब पुलिस के लिए चुनौती बन चुके हैं, वहीं आम जनता को अब सुरक्षा की उम्मीद प्रशासन से है।

# ढकुरिया घाट पर दोस्तो संग गया युवक नहाने डूबा तलाश में जुटे गोताखोर

## पुलिस प्रशासन संग गोताखोरों ने की मशक्कत , घर में मचा कोहराम



शाहबाद राम गंगा पर जवान बेटे के सदमे में बैठे पिता पास में खड़ी भारी संख्या में भीड़



**दैनिक बुलंद मंजिल**

**शाहबाद रामपुर।** सोमवार दोपहर में शाहबाद नगर के मोहल्ला खटपुर निवासी आले हसन का बीस वर्षीय बेटा मोइस उर्फ मोनू अपने तीन दोस्तों फिरोज, कमाल और सलमान के साथ रामगंगा नदी पर नहाने के लिए गया था। नहाने के बाद मोइस के तीनों दोस्त पानी से बाहर आ गए, लेकिन मोइस गहरे पानी में चले जाने के कारण नदी में डूब गया। जिसके बाद पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पानी में डूबे युवक की तलाश में स्थानीय गोताखोरों से तलाशी अभियान चलवाया, लेकिन घंटों बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। खबर लिखे जाने तक स्थानीय गोताखोर पानी में मोइस की तलाश कर रहे थे। मौके पर कोतवाल प्रदीप कुमार, एसआई रमेश चंद्र अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# कोरांव की माटी के दो होनहारों ने पीसीएस में लहराया परचम, हर घर में जश्न का माहौल

## आकांक्षा तिवारी व पुष्पराज मिश्रा की सफलता बनी प्रेरणा, क्षेत्रवासियों ने दी जोरदार बधाई

कोरांव प्रयागराज। पीसीएस दो हजार चौबीस के परिणाम ने कोरांव क्षेत्र को गर्व से भर दिया है। यहां की माटी के दो होनहारों ने सफलता का परचम लहराते हुए पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। परिणाम घोषित होते ही गांव- गांव और चौपालों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी, लोगों ने मिठाइयां बांटकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की। ग्राम पंचायत बढ़वारी कला मिश्रपुर की प्रतिभाशाली बेटी आकांक्षा तिवारी, रिटायर्ड न्यायमूर्ति श्री जय कृष्ण तिवारी की सुपुत्री, ने पीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे इलाके में उत्साह का वातावरण है। लोगों का कहना है कि आकांक्षा की सफलता से बेटियों को नई दिशा और आत्मविश्वास मिलेगा। इसी कड़ी में भगेसर गांव निवासी पुष्पराज मिश्रा, पुत्र इंद्रदेव मिश्रा का चयन डिप्टी जेलर पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि ने भी क्षेत्र में गर्व और उल्लास का माहौल बना दिया है। युवाओं के लिए यह सफलता एक मिसाल बनकर उभरी है। दोनों होनहारों की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने एक स्वर में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे कोरांव के लिए गौरव का क्षण है। लोगों ने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं से समाज को नई दिशा मिलती है और आने वाली पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर इंद्रमणि मिश्र सेवा निवृत प्रबंधक यूको बैंक, सामाजिक कार्यकर्ता विमलेश कुमार मिश्र, अवनीश मिश्रा, मनीष मिश्रा, प्रधान पद प्रत्याशी गुलाब शंकर मिश्रा, पिंटू चौबे, राजेश पांडेय, अरुण त्रिपाठी, राजू चौबे, राजा चौबे, देवराज मिश्रा, शिवम मिश्रा, सूरज यादव, विपिन शुक्ला, जितेन्द्र मिश्रा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने दोनों चयनित अभ्यर्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।